नई दिल्ली
गुरुवार
18 अप्रैल, 2024
वर्ष: 10, अंक: 226
पृष्ठ: 08, मूल्य 2 रु0
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# सद्भावना टुडे

आवाज़ अधिकार की



लोकसभा चुनावः बिहार में दूसरे चरण की पांच...पेज-05

DELHIN/2014/58158

विश्वासघात तो जयंत चौधरी ने कियाः अखिलेश यादव पेज-08

हिन्दी में प्रकाशित होने वाला सबसे लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र
'सद्भावना टुडे'
में विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :-
011-43678240
E-mail
story@sadbhawna.today
sadbhavnatoday@gmail.com
web: www.sadbhawna.today

## लोकसभा की 102 सीटों, सिक्किम विधानसभा चुनाव के लिये प्रचार थमा

### मतदान 19 अप्रैल को

**नई दिल्ली,एजेंसी।** लोकसभा और चार राज्य विधानसभाओं के चुनाव में लोकसभा की 102 सीटों और सिक्किम विधानसभा की सभी 32 सीटों के लिये 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिये प्रचार अभियान बुधवार शाम पांच बजे थम गया। कुल सात चरणों में कराये जा रहे इन चुनावों में लोकसभा की 543 सीटों के साथ-साथ अरुणाचल प्रदेश, सिक्किम, ओडिशा और आंध्रप्रदेश विधानसभाओं के चुनाव कराये जा रहे हैं।

पहले चरण में इक्कीस राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों में लोकसभा की 102 सीटों के लिये हो रहे चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिये चुनाव आयोग ने 127 सामान्य पर्यवेक्षक, 67 पुलिस पर्यवेक्षक और 167 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं। आज शाम सार्वजनिक रूप से प्रचार पर पाबंदी के बाद प्रत्याशी और उनके समर्थक मतदाताओं के घर-घर जाकर उन्हें अपने पक्ष में मत डालने के लिये प्रेरित कर रहे हैं। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने असम और त्रिपुरा में जनसभाओं को संबोधित किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी ने कोल्लार में चुनावी रैली को संबोधित किया। श्री गांधी ने सुबह गाजियाबाद में समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने सहारनपुर में रोड शो किया। पहले चरण के मतदान में आठ केन्द्रीय मंत्रियों, दो पूर्व मुख्यमंत्रियों और एक पूर्व राज्यपाल का चुनावी भविष्य इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में लॉक हो जायेगा। इनमें सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, नागपुर लोकसभा क्षेत्र से तीसरी बार जीतने का प्रयास कर रहे हैं। केन्द्रीय पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री किरेन रिजिजू अरुणाचल पश्चिम सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस उम्मीदवार नबाम तुकी के सामने हैं। केन्द्रीय जहाजरानी जल मार्ग एवं बंदरगाह मंत्री सर्बानंद सोनोवाल असम में डिब्रूगढ़ और केन्द्रीय मंत्री संजीव बालियान मुजफ्फरनगर




(उत्तर प्रदेश) से चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री जितेन्द्र सिंह के चुनावी भविष्य का निर्णय ऊधमपुर सीट पर हो जा रहा है और उनके सहयोगी भूपेन्द्र यादव राजस्थान की अलवर सीट से भाग्य आजमा रहे हैं। राजस्थान की ही बीकानेर सीट पर कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल का मुकाबला कांग्रेस के उम्मीदवार एवं पूर्व मंत्री गोविन्द राम मेघवाल से है। पहले चरण के अन्य प्रमुख प्रत्याशियों में पूर्व मंत्री एवं द्रमुक सांसद ए राजा का भाग्य नीलगिरि सीट के मतदाताओं के निर्णय से तय होगा। शिवगंगा सीट पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री पी चिदंबरम के पुत्र कार्ति चिदंबरम पुन- जीत का प्रयास कर रहे हैं। हाल तक तेलंगाना की राज्यपाल रहीं तमिलसाई सौन्दरराजन भाजपा के टिकट पर चेन्नई दक्षिण सीट पर उम्मीदवार हैं। पश्चिम त्रिपुरा सीट पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री अपना भाग्य आजमा रहे हैं। मणिपुर के कानून एवं शिक्षा मंत्री तथा भाजपा उम्मीदवार बसंत कुमार सिंह इनर मणिपुर सीट पर जेएनयू की प्रोफेसर एवं कांग्रेस उम्मीदवार विमल ओकोईजाम के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा प्रत्याशी कोयम्बटूर से के. अन्नामलाई, द्रविड मुनेत्र कषगम प्रत्याशी कनिमोझी थुथुकुडी से, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी जितिन प्रसाद पीलीभीत से, कांग्रेस से मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ छिंदवाडा से भाग्य आजमा रहे हैं। पहले चरण में अन्य छह चरणों के मुताबिक सबसे ज्यादा सीटों पर मतदान होगा। इस चरण में तमिलनाडु की सभी 39, राजस्थान की 12, उत्तर प्रदेश की आठ, मध्य प्रदेश की छह, महाराष्ट्र की पांच, बिहार की चार, उत्तराखंड की सभी पांचों सीटों, असम की चार, पश्चिम बंगाल की तीन, अरुणाचल, मणिपुर और मेघालय की दो-दो, छत्तीसगढ़, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, अंडमान एंड निकोबार, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप और पुडुचेरी की एक-एक लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान कराया जायेगा। पहले चरण के चुनाव में असम की डिब्रूगढ़, जोरहाट, काजीरंगा, लखीमपुर और सोनितपुर सीट पर मतदान होगा। बिहार की जमुई, औरंगाबाद, गया और नवादा सीट पर भी पहले चरण में मतदान होगा। इसके अलावा मध्य प्रदेश की छिंदवाड़ा, बालाघाट, जबलपुर, मंडला, सीधी, और शहडोल सीट पर इस चरण में वोट डाले जायेंगे। महाराष्ट्र की चंद्रपुर, भंडारा-गोंदिया, गढ़चिरौली, चिमूर, रामटेक और नागपुर सीट पर भी इसके साथ ही चुनाव होंगे। राजस्थान के बीकानेर, गंगानगर, जयपुर ग्रामीण, जयपुर, चूरू, झुंझुनू, सीकर, अलवर, भरतपुर, करौली-धौलपुर, दौसा और नागौर सीट पहले चरण में मतदान होगा। साथ ही, उत्तराखंड की पांचों सीट गढ़वाल, टेहरी गढ़वाल, अल्मोडा, नैनीताल-उधमसिंह नगर और हरिद्वार सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होंगे। पश्चिम बंगाल की जलपाईगुड़ी, कूचबिहार और अलीपुरद्वार में भी इसी दिन वोटिंग होगी। त्रिपुरा वेस्ट में भी इसी दिन वोट डाले जायेंगे। तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर पहले चरण में मतदान होगा। इनमें चेन्नई उत्तर, चेन्नई दक्षिण, चेन्नई सेंट्रल, श्रीपेरंबदूर, तिरुवल्लुर, कांचीपुरम, अराक्कोनम, वेल्लोर, कृष्णागिरी, विलुप्पुरम, कल्लाकुरिची, सलेम, नामक्कल, कोयंबटूर, पोलाची, डिंडीगुल, करूर, धर्मपुरी, तिरुवन्नमलाई, अरणी, इरोड, तिरुप्पुर, नीलगिरी, तिरुचिरापल्ली, पेरम्बलूर, कुड्डालोर, चिदम्बरम, थेनी, विरुधुनगर, रामनाथपुरम, थूथुक्कुडी, तेनकासी, मयिलादुथुराई, नागपट्टिनम, तंजावुर, शिवगंगा, मदुरै, तिरुनेलवेली और कन्याकुमारी शामिल हैं। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में उत्तर प्रदेश की मुजफ्फरनगर, बिजनौर, सहारनपुर, कैराना, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत में भी पहले चरण में चुनाव होंगे।

## माकपा और कांग्रेस ने त्रिपुरा को भ्रष्टाचार का केंद्र बना दियाः मोदी



**अगरतला,एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सत्ता में आने से पहले त्रिपुरा को भ्रष्टाचार का केंद्र बनाने के लिए कांग्रेस और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की बुधवार को कड़ी आलोचना की। श्री मोदी ने भाजपा उम्मीदवारों बिप्लब कुमार देब और कृति सिंह देबबर्मा के पक्ष में विशाल रैली को संबोधित करते हुए मतदाताओं से त्रिपुरा के विकास के लिए आगामी लोकसभा चुनाव में भगवा पार्टी के उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने की अपील की।

उन्होंने कहा भाजपा-राजग को दिया गया हर वोट मोदी की गारंटी को मजबूत करेगा उन्होंने कहा कि जब त्रिपुरा में माकपा और कांग्रेस प्रमुख पार्टियां थीं, तब भ्रष्टाचार बढ़ रहा था लेकिन 2018 के बाद इसे रोक दिया गया। श्री मोदी ने कहा, वामपंथी और कांग्रेस प्रतिद्वंद्वी लग सकते हैं लेकिन पर्दे के पीछे उनकी विचारधारा एक ही है। हम पूर्वोत्तर के विकास के लिए लगातार काम कर रहे हैं। मैं एकमात्र प्रधानमंत्री हूं जिसने एक दशक में 50 से अधिक बार पूर्वोत्तर का दौरा किया है। उन्होंने रेखांकित किया कि अब, त्रिपुरा में भाजपा के पांच साल के शासन में हाईवे, आई-वे, रोडवे और एयरवे (हीरा) को सफलतापूर्वक मनाने के बाद केंद्र और राज्य सरकारें हीरा प्लस मॉडल पर काम करने जा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, %उनकी नीति %पूर्व को लूटो% थी, लेकिन 10 वर्षों में, मैंने कांग्रेस और वामपंथियों की लूट पूर्व नीति को समाप्त कर दिया। अब, हम एक्ट ईस्ट नीति पर काम कर रहे हैं। उन्होंने घोषणा की कि भाजपा ने भारत में तीन करोड़ नए घर बनाने का फैसला किया है और इस पहल से त्रिपुरा के लोगों को काफी फायदा होने वाला है। श्री मोदी ने कहा, हम पूर्वोत्तर में कनेक्टिविटी बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। हमारी सरकार ने तीन लाख से अधिक महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन उपलब्ध कराया है। हमने आदिवासी समुदायों के बच्चों को शिक्षित करने के लिए एकलव्य मॉडल स्कूल भी शुरू किए हैं।

### एक नजर

### गुजरात में सड़क हादसे में 10 लोगों की मौत

**अहमदाबाद,एजेंसी।** गुजरात में खेडा जिले के नडियाद ग्रामीण क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में दस लोगों की मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस-वे पर बिलोदरा गांव के निकट एक बेकाबू कार आज अपराह्न आगे जा रहे ट्रेलर में जा घुसी। हादसे में कार सवार आठ लोगों की मौके पर मौत हो गई, अन्य दो लोगों को बेहोशी की हालत में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान अभी नहीं हुई है। कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर आ रही थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

### भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के सात लोगों की मौत

**सांगली,एजेंसी।** महाराष्ट्र में सांगली जिले के जाट के पास विजापुर-गुहागर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार रात एक तेज रफ्तार कार एक निजी लक्जरी बस से पीछे से टकरा गई, जिससे एक ही परिवार के सात सदस्यों की मौत हो गई। इनमे से पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने बताया कि आज रात एक लग्जरी बस जाट से मुंबई जा रही थी, तभी जम्भुलवाड़ी इलाके में नागज फाटा पर एक तेज रफ्तार जीप ने पीछे से उसमें जोरदार टक्कर मार दी। यह दुर्घटना जीप चालक के वाहन पर से नियंत्रण खो देने के कारण हुई। इस घटना में जीप में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल दो अन्य लोगों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। सूत्रों ने बताया कि मृतक और घायल दोनों व्यक्तियों की पहचान की जा रही है।

### मेघालय : असम के तीन युवकों की जलकर मौत

**शिलांग,एजेंसी।** मेघालय में एक चौंकाने वाली घटना में असम के तीन युवकों की जलकर मौत हो गई और वे जिस वाहन से यात्रा कर रहे थे, उसे अज्ञात लोगों ने आग लगा दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, जले हुए शव पूर्वी गारो हिल्स जिले के रोंगजेंग पुलिस थाना क्षेत्र के तहत रोगू अल्दा गांव को जोड़ने वाली लिंक रोड के पास एक घने जंगल के अंदर ताजा मिट्टी से भरे और ताजा खोदे गए गड्ढे से बरामद हुये। पास ही वाहन भी खड़ा मिला। मृतकों की पहचान जमोर अली (35), जाहिदुल इस्लाम (25) और वाहन के चालक नूर अहमद के रूप में की गई है।

## शक्ति और सत्य नहीं, सत्ता उपासक हैं मोदीः प्रियंका

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए आज कहा कि कि वह भले ही देवी भक्त होने का दावा कर स्वयं को सबसे बड़ा सत्यवादी बताते हैं लेकिन सच यही है कि मोदी शक्ति और सत्य के नहीं बल्कि सत्ता उपासक हैं। वाड्रा ने मोदी का नाम लिए बगैर कहा, आज जो सत्ता में बैठे हैं, वह माता शक्ति और सत्य के उपासक नहीं बल्कि सत्ता के उपासक हैं। वह सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। सत्ता के लिए विधायकों को खरीदते हैं। सरकारों को गिराते हैं। बड़े-बड़े उद्योगपतियों को देश की संपत्ति दे रहे हैं ताकि वह सत्ता में बने रह सकें। उन्होंने चुनावी बांड को लेकर भी मोदी सरकार पर हमला किया और कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड योजना काले धन को सफेद करने की योजना थी। श्री मोदी बराबर कहते रहे हैं कि इलेक्टोरल बॉन्ड पारदर्शी योजना है जबकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह योजना गलत है और इससे भ्रष्टाचार हो रहा है।

श्रीमती वाड्रा ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी बोनस की तहत चंदा देने वालों का नाम उजागर करने के आदेश दिए तो भारतीय जनता पार्टी की



पोल खुली। इससे पता चला है कि जो कंपनी 180 करोड़ रुपये का मुनाफा कमा रही है, वह कंपनी चुनावी बांड्स योजना के तहत 1100 करोड़ रुपये का चंदा भाजपा को दे रही है। आखिर यह पैसा कहां से आ रहा है। असल में इलेक्टोरल बॉन्ड काले धन को सफ़ेद करने का तरीका था। श्री मोदी ने नोटबंदी लाकर कहा था कि काला धन आएगा। इसके बाद जीएसटी लाए, इसने व्यापारियों की कमर तोड़ दी। आज सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद इलेक्टोरल बॉन्ड योजना में काला धन सामने आ रहा है। यह मोदी की भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई है।

## कांग्रेस ने राम मंदिर निर्माण रोकने के लिए वकीलों की फ़ौज खड़ी की : अनुराग ठाकुर

**शिमला,एजेंसी।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि आज अयोध्या जी में भी रामलला की पहली नवमी पर भगवान सूर्यदेव स्वयं उनकी आरती उतार रहे हैं। पूरी दुनिया के अलग अलग कोनों में श्री राम जी की कथा का आयोजन होता है पर पिछले 60 वर्षों में कांग्रेस ने भारत में हीं श्री राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए और राम सेतु को काल्पनिक बताया। यही नहीं कांग्रेस ने राम मंदिर ना बनें इसके लिए वकीलों की फौज खड़ी की।

इससे पहले हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार श्री ठाकुर ने नादौन में माँ बगलामुखी कमेटी द्वारा रामनवमी के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में समस्त देशवासियों को नवरात्र व रामनवमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। श्री ठाकुर ने कहा कि हिंदुओं से ज्यादा धैर्यवान शायद हीं कोई होगा जिन्होंने अपने हीं देश में राम मंदिर के निर्माण हेतु 500 वर्षों का इंतजार



सहा और बलिदान दिए। लेकिन अब अयोध्या जी में पूरे विश्व भर में से सबसे ज्यादा श्रद्धालु आयेंगे। अयोध्या जी में लखनऊ से भी बड़ा और भव्य एयरपोर्ट बनाया गया है जिसका नाम महर्षि वाल्मिकी एयरपोर्ट है। श्री ठाकुर ने कहा कि रामनवमी और नवरात्र में पूरे देश विदेश से श्रद्धालु हिमाचल प्रदेश के माता चिंतपूर्णी धाम में पूजा अर्चना करने पधारते हैं। मेरा सौभाग्य है कि आज के दिन मैं भी माता चिंतपूर्णी जी का दर्शन कर पाया। पिछले 10 वर्षों में देश ने विकास और विरासत दोनों देखे हैं। अयोध्या में 500 वर्षों के इंतजार के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हो, काशी विश्वनाथ धाम हो, केदारनाथ धाम हो या महाकाल लोक हो, आज हमारे सभी धार्मिक स्थलों और तीर्थ क्षेत्रों का संपूर्ण विकास हो रहा है। उन्होंने बताया, करतारपुर साहब कॉरिडोर के लिए रास्ता खुल गया, हेमकुंड साहिब के लिए रोपवे बन गया, चारों धामों के लिए बड़ी-बड़ी फोरलेन और रेल पहुंच रही है। मोदी जी ने सनातन जन जागृति का जो कार्य किया है उससे आज हमारे नौजवानों में धर्म और संस्कृति के प्रति नया उत्साह आया है। आज हमारे कई तीर्थक्षेत्रों में श्रद्धालुओं की संख्या पहले के मुकाबले पांच गुना तक बढ़ गई है और वहां रोजगार स्वरोजगार के नए अवसर खुले हैं। पहले हम बच्चों को चंदा मामा की लोरियां सुनाते थे आज हमारा भारत चांद पर पहुंच चुका है। ये फर्क है।

## देश में बदलाव की लहर- पायलट

**नैनीताल,एजेंसी।** राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बुधवार को कहा कि देश में आज बदलाव की लहर है। जनता मोदी शासन से ऊब गयी है। श्री पायलट आज हल्द्वानी में कांग्रेस प्रत्याशी प्रकाश जोशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। सचिन पायलट प्रकाश जोशी का सारथी बन कर सभा स्थल पहुंचे।

वह खुद कार चला रहे थे। इस दौरान प्रकाश जोशी और विधायक सुमित हृदयेश उनके साथ थे। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा शासन से ऊब चुकी है और अब बदलाव चाहती है। प्रदेश में भी बदलाव का माहौल है। यही नहीं उन्होंने कहा कि भाजपा धर्म और जाति के नाम पर राजनीति करती है और इसी आधार पर वोट मांग रही है। जनता भाजपा के षड्यंत्र को पहचान गयी है। उसके जाल में फंसने वाली नहीं है।

## भगवान भास्कर ने किया सूर्यवंशी राम का मस्तकाभिषेक

**संजय सिंह, वरिष्ठ पत्रकार**

**अयोध्या।** लगभग पांच सदियों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि स्थल पर भव्य मंदिर में 'भए प्रगट कृपाला दीनदयाला...' की चौपाइयों के बीच सूर्य की किरणों ने विराजमान रामलला के मस्तक पर अभिषेक किया। इस ऐतिहासिक और औलोकिक पल का गवाह मंदिर प्रांगढ़ और रामनगरी में मौजूद श्रद्धालुओं के अलावा देश दुनिया के करोड़ों रामभक्त बने। प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली राम रामनवमी पर दिव्य-भव्य मंदिर में ऊपरी तल से भूतल तक दर्पण दर्पण घूमती टहलती दृश्यमान देवता दिवाकर की प्रतिनिधि किरणें आज मध्य दिवस में जैसे ही रामलला के ललाट पर सुशोभित हुई, टकटकी लगाए हजारों हजार आंखें खुशी से छलछला उठीं। रोम रोम पुलकित हो उठा।

मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं की अपरंपार भीड़ इस अद्भुत, अलौकिक और अविस्मरणीय पल को सहेजने में लगी थी। यही हाल बड़ी बड़ी एलईडी स्क्रीन और



अपने घरों में टीवी के सामने बैठे लोगों का भी था। आज श्रीराम नवमी पर केवल जन्मभूमि मंदिर ही नहीं अपितु पूरी अयोध्या को बहुत ही सुरुचिपूर्ण ढंग से सजाया गया। ऐसा हो भी क्यों नहीं, आखिर पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद श्रीराम लला के अपने मूल स्थान पर विराजमान होने के बाद यह पहला जन्मोत्सव है। पहले तय हुआ था कि मंदिर की पूर्णता के उपरांत सूर्य किरणों से महामस्तकाभिषेक की व्यवस्था की जाय, लेकिन साधु-संतों का तर्क था कि जब श्रीराम लला विधि-विधान पूर्वक प्रतिष्ठित हो गये हैं तो सब कुछ विधिवत होना चाहिए।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की हरी झंडी मिलने के बाद रुड़की के सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च संस्थान का वैज्ञानिक दल सूर्य तिलक को मूर्त रूप देने में जुट गया। यह बहुत आसान नहीं था क्योंकि पृथ्वी की गति के हिसाब से सूरज की दिशा और कोण को समन्वित करके किरणों को उपकरणों के माध्यम से ऊपरी तल से राम लला के ललाट तक पहुंचाना था। अंततोगत्वा वैज्ञानिक सफल हुए और पूर्व निर्धारित समय पर 75 मिलीमीटर टीके के रूप में सूर्य किरणें राम लला के ललाट तक पहुंची। इस दृश्य को देखकर श्रद्धालु बच्चों की तरह किलक उठे। बाल, वृद्ध, नारी सब एक ही भाव में थे। वैसे आज प्रातः मंगला आरती से ही अयोध्या में उत्सव का वातावरण था। मंगलवार से ही श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चम्पत राय समेत मंदिर व्यवस्था से जुड़े पदाधिकारी सारे काम की निगरानी कर रहे थे। रामनवमी के अवसर पर राम लला को मंगल स्नान कराकर विशेष रूप से तैयार किए गए नये उत्सव वस्त्र धारण कराए गए। श्रद्धालुओं की भीड़ के दृष्टिगत खास इंतजाम किए गए थे। निर्धारित समय पर जन्म मुहूर्त में सूर्य किरणों से महामस्तकाभिषेक होते ही श्रद्धालु आह्लादित हो उठे। जयकारों के बीच आरती संपन्न हुई।

## कांग्रेस ने आयोग के चुनावी बांड संबंधी ट्वीट हटाने पर जताई गहरी आपत्ति

**नई दिल्ली,एजेंसी।** चुनावी बांड को लेकर मोदी सरकार पर लगातार हमले कर रही कांग्रेस ने बांड से संबंधित एक ट्वीट हटाने के चुनाव आयोग के निर्देश पर आज कड़ी आपत्ति जताई और इस निर्देश को अभिव्यक्ति की आज़ादी पर हमला करार दिया।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स ' पर चुनावी बांड संबंधी एक खबर पोस्ट की गयी जिसको लेकर चुनाव आयोग की तरफ से चार हैंडल्स के ट्वीट डिलीट करने को कहा गया। इस पर एक्स ने कहा हम अभिव्यक्ति की आजादी में रुकावट नहीं डालना



चाहते लेकिन हमारे पास यह निर्देश आया इसलिए हमें ऐसा करना पड़ा। श्रीमती श्रीनेत ने कहा अगर कोई व्यक्ति हेट स्पीच दे रहा है, धर्म का इस्तेमाल कर रहा या किसी व्यक्ति के खिलाफ भद्दी टिप्पणियां कर रहा है तो वह उल्लंघन होता है लेकिन डिलीट हुए पोस्ट में इलेक्टोरल बॉन्ड की बात की गई थी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे छिपाने का पूरा प्रयास कर रहे हैं। इलेक्टोरल बॉन्ड आजाद भारत का सबसे बड़ा घोटाला है इसलिए वह इस पर बात नहीं कर पा रहे हैं। चुनाव आयोग को इलेक्टोरल बॉन्ड क्यों आपत्ति जनक लगा। उन्होंने कहा मोदी सरकार के आईबी मंत्रालय ने किसान आंदोलन का समर्थन करने वाले हरपाल सिंह सांघा जैसे किसान नेताओं के सोशल मीडिया अकाउंट्स बंद कर दिए। इसके साथ ही किसान आंदोलन को निष्पक्ष रूप से कवर करने वाले पत्रकारों के हैंडल्स को भी सस्पेंड कर दिया गया। अभी हाल ही में यूट्यूब ने %बोलता हिंदुस्तान% चैनल बंद कर दिया और अन्य चैनलों को नोटिस भेजे गए।

# चुनाव आयोग के आदेश के बाद एक्स ने मोदी की तस्वीर वाला पोस्ट हटाया, आप ने खड़े किए सवाल

**मो. हबीबुल्लाह उर्फ मुन्ना, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तमाम राजनीतिक पार्टियां अपनी अंतिम तैयारियों में जुट गई है। इस बीच बुधवार को चुनाव आयोग ने आम आदमी पार्टी (आप) का एक पोस्ट सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स से हटवा दिया। इस पोस्ट में आप ने पीएम मोदी की तस्वीर के साथ शराब कारोबारी से 60 करोड़ रुपए लेने का आरोप लगाया था। वहीं, पोस्ट हटाने पर आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका टक्कर ने चुनाव आयोग पर कई सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि भाजपा के खिलाफ पार्टी ने 9 शिकायत की, लेकिन आज तक एक भी शिकायत पर कार्रवाई नहीं हुई।




प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि देश का दुर्भाग्य है कि आज चुनाव आयोग भाजपा का एक विंग बनकर काम कर रहा है। भारतीय जनता पार्टी का साथ पाकर इलेक्शन कमीशन अपने आप को संविधान और कानून से ऊपर मान रहा है। हमारे देश के कानून में एक आतंकवादी को भी अपनी बात रखने का मौका मिलता है, लेकिन इलेक्शन कमीशन ने एक्स को बोलकर पोस्ट को हटवा दिया। एक्स ने भी चिट्ठी लिखकर अफसोस जताया कि हमारी पोस्ट को हटाया जा रहा है। दरअसल, जिस पोस्ट को हटाया गया उस पोस्ट में बताया गया है कि शराब कारोबारी से इलेक्टोरल बॉन्ड स्कैम के जरिए भारतीय जनता पार्टी ने 60 करोड़ रुपए लिए। पोस्ट में पीएम मोदी की फोटो भी लगी थी और नीचे बॉन्ड चोर लिखा था। प्रियंका ने कहा कि भाजपा की इलेक्शन कमीशन को अब तक हम भारतीय जनता पार्टी की होर्डिंग और पोस्ट के ऊपर 9 कंप्लेंट दे चुके हैं। लेकिन आयोग इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। कक्कड़ ने उदाहरण के तौर भाजपा की तीन पोस्ट भी दिखाई, जिसमें अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले का किंगपिन बताया गया है। तीन बार के चुने हुए मुख्यमंत्री को भारतीय जनता पार्टी किंगपिन बता रही है। जबकि, दोष साबित नहीं हुआ है।

एक पोस्ट में केजरीवाल को शराब घोटाले का सरगना बताते हुए इस्तीफा की मांग की गई है। वहीं, उन्होंने तीसरी भी पोस्ट दिखाई जिसमें केजरीवाल के लिए अपशब्द प्रयोग किया गया है। उन्होंने कहा कि कोई प्रमाण नहीं है कोई दोष साबित नहीं हुआ है। लेकिन भाजपा उन्हें दोषी ठहरा रही है। इस शिकायत पर कोई कार्यवाही नहीं की गई है। कक्कड़ ने कहा कि क्या इलेक्शन कमीशन को निष्पक्ष माना जा सकता है? क्या यह लेवल प्लेयिंग फील्ड है, जहां पर भारतीय जनता पार्टी अपने अकाउंट पर कुछ भी लिखती जाए और हम एक सच भी पोस्ट नहीं कर सकते। इलेक्शन कमीशन से गुजारिश है यदि वह सच में निष्पक्ष है तो जो कंप्लेंट दी है। उस पर तुरंत एक्शन लें।

# विस्थापित कश्मीरियों के लिए बनेंगे विशेष मतदान केंद्र, मतदाता दिल्ली से डाल सकेंगे कश्मीर का वोट

**सैफुल्लाह सिद्दीकी, सद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग के आदेश पर कश्मीर से विस्थापित लोगों के मतदान के लिए चार विशेष मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। चुनाव आयोग की अधिसूचना पर मतदान केंद्र बनाने के साथ की तैयारी की जा रही है। दिल्ली एनसीआर में विभिन्न जगहों पर करीब 60 से 70 हजार विस्थापित कश्मीरी रहते हैं। जो अपने मूल निवास के संसदीय क्षेत्र के उम्मीदवार को दिल्ली के इन विशेष मतदान केंद्रों पर मतदान कर सकेंगे। दिल्ली में बड़ी संख्या में कश्मीर से विस्थापित लोग रहते हैं। इनका मतदाता पहचान पत्र कश्मीर का है।

चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, कश्मीर से विस्थापित लोगों के मतदान के लिए जम्मू में 21, उधमपुर में 1 और दिल्ली में 4 विशेष मतदान केंद्र बनाने के आदेश हैं। दिल्ली में ये मतदान केंद्र सामान्य मतदान केंद्रों के साथ बनाए जाएंगे, जहां पर विस्थापित कश्मीरी अपने मूल निवास के सांसद उम्मीदवार को मतदान कर सकेंगे। डाक मतपत्र से मतदान की सुविधा: चुनाव आयोग के अधिकारियों के मुताबिक, कश्मीर से विस्थापित मतदाता फॉर्म भरकर कर विशेष मतदान केंद्र पर जाकर मतदान कर सकते हैं। दूसरा घर से भी मतदाता डाक मतपत्रों के माध्यम से मतदान कर सकते हैं। इसके लिए मतदाताओं को फॉर्मङ्क 12 सी भरना पड़ेगा। इसके बाद फार्म को सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को देंगे। इसके बाद बैलेट पेपर मिलेगा। इसके बाद डाक मतपत्र के जरिए मतदात कर सकते हैं।

जानकारी जुटाने में लगे जिला निर्वाचन अधिकारी: चुनाव आयोग के मुताबिक, दिल्ली में करीब 60 हजार कश्मीर से विस्थापित लोग मिलीजुली आबादी में रहते हैं। दिल्ली में सभी जिला निर्वाचन अधिकारी कश्मीर से विस्थापित लोगों को जानकारी जुटाने में लगे हैं। जानकारी जुटाने के बाद जहां पर ज्यादा कश्मीरी मतदाता होंगे, वहां उन क्षेत्रों में विशेष मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। मतदाता कार्ड बनाने के लिए चला था अभियान: रूप सिंह कश्मीर संस्था के प्रवक्ता अमित रैना के अनुसार, दिल्ली एनसीआर में 60 से 70 हजार विस्थापित कश्मीरी रहते हैं। विस्थापित लोगों का उनके मूल निवास का मतदाता कार्ड बनाने के लिए जम्मू कश्मीर प्रशासन की ओर से अभियान भी चलाया गया था। बहुत से लोगों का कश्मीर के पते का कार्ड बन गया है। जानकारी के मुताबिक, कश्मीर से विस्तापित करीब 1.20 लाख लोगों का मतदाता कार्ड बनाने के लिए टीमें लगाई गई थी।

# एक दिन की महिला डूसू अध्यक्ष के रूप में सोफिया ने संभाला कार्यभार

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) द्वारा छात्र राजनीति में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की 10 दिन 10 महिला डूसू अध्यक्ष की पहल के तहत एक दिवसीय महिला अध्यक्ष के रूप में बुधवार को स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज की छात्रा सोफिया ने कार्यभार संभाला। इस दौरान सोफिया ने कहा कि मैं दिल्ली विश्वविद्यालय के स्वामी श्रद्धानंद कॉलेज में बीएससी एप्लाइड लाइफ साइंस प्रथम वर्ष की छात्रा हूं।

आज मैंने रामनवमी के दिन एक दिवसीय महिला डूसू अध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला है। कॉलेज में वॉशरूम्स की साफ सफाई बढ़ाने और चिकित्सा सुविधा आदि बढ़ाए जाने को लेकर अपने कॉलेज के प्राचार्य को एक मेमोरेंडम सौंपा है। उन्होंने आगे कहा, इसके अलावा मैंने महिला सुरक्षा और छात्राओं के लिए कॉलेज में हर साल एक स्पोर्ट्स फेस्ट आयोजित कराने की भी मांग रखी है, जिसमें सभी छात्राओं के लिए भाग लेना अनिवार्य हो।% बता दें, मंगलवार को श्याम अरूणभाई त्रिवेदी नामक छात्रा ने बतौर डूसू अध्यक्ष पदभार संभाला था। इस दौरान उन्होंने रामजस कॉलेज में जाकर गर्ल्स हॉस्टल की समस्या को देखा था। इसके बाद थाने में एसएचओ से भी मिली था, जहां महिला सुरक्षा के लिए और क्या क्या कदम उठाए जा सकते हैं इस पर बात भी की थी। इतना ही नहीं, उन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलेज की छात्राओं के साथ डूसू ऑफिस में चाय पर चर्चा भी रखी थी, जिसमें छात्राओं के साथ उनसे संबंधित मुद्दों पर चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना था।

# तेज हवा के साथ दो दिन बारिश की संभावना

**नई दिल्ली।** राजधानी में दो दिन तेज हवाओं के साथ कई इलकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इससे अगले पांच दिनों तक दिल्लीवासियों को गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं, मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। दिल्ली में बीते कुछ दिनों से तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है। बुधवार को दिल्ली में तेज धूप निकलने के बावजूद भी गर्मी का एहसास कम हुआ। बीते मंगलवार को जहां अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री रहा तो यह बुधवार को 35.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री रहा।



मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार और शुक्रवार को दिल्ली में बारिश के साथ हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी। अगले कुछ दिन आसमान में बादल छाए रहेंगे, जिसके चलते मौसम खुशनुमा बना रहेगा। आगामी रविवार को भी दिल्ली में 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। गुरुवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 36 डिग्री रहने की संभावना है। वहीं, बारिश के बाद शुक्रवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री के आसपास रहेगा। मध्यम श्रेणी में पहुंचा एक्यूआई ־राजधानी में प्रदूषण से राहत अगले तीन दिनों तक बनी रहेगी। फिलहाल दिल्ली में प्रदूषण मध्यम श्रेणी में बना हुआ है। बुधवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक 145 दर्ज किया गया। दिल्ली में आईटीओ और लोधी रोड ऐसे इलाके रहे, जहां वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 100 अंक से नीचे रहा।

# फेसबुक ऐड के जरिए शेयर बाजार में निवेश के नाम पर लोगों से करता था ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिणी जिले के साइबर थाने की पुलिस टीम ने एक साइबर ठग को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि साइबर ठग शेयर बाजार में निवेश करने के नाम पर लोगों को निशाना बनाकर ठगी किया करता था। उसकी पहचान रमेश कन्ना के रूप में हुई है। आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, दो सिम कार्ड, तीन क्रेडिट/डेबिट कार्ड और एक चेक बुक बरामद किया गया है। पुलिस शिकायतकर्ता के बयान पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी चेन्नई भागने का तैयारी में था, लेकिन सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया। दक्षिण दिल्ली जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि एक महिला शिकायतकर्ता निवासी साउथ एक्स पार्ट 2 ने साइबर पुलिस स्टेशन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसने फेसबुक पर शेयर बाजार में निवेश के बारे में एक विज्ञापन देखा और विज्ञापन पर क्लिक करने के बाद उसे एक व्हाट्सएप ग्रुप पर जुड़ने के लिए कहा गया। इसके बाद से लेकर अब तक हर दिन फायदे दिखाकर उसके साथ 43,76,080 रुपए की ठगी की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह चेन्नई में कुछ लोगों से जुड़ा था, जिन्होंने सिम कार्ड और बैंक खातों की व्यवस्था की थी। इसके अलावा प्रत्येक खाते के लिए 20,000 रुपये और प्रत्येक लेनदेन का 15 प्रतिशत तय किया गया था। शिकायतकर्ता ने कहा कि पैसा देश के विभिन्न राज्यों में पांच खातों में ट्रांसफर किया गया था। टीम ने धोखाधड़ी की गई रकम का पता लगाया और पाया कि एक खाता बेंगलुरु के पते पर पंजीकृत था, जिसके बाद एक टीम को मामले में और जानकारी जुटाने के लिए बेंगलुरु भेजा गया।

# दिल्ली भाजपा नेताओं ने सीएम केजरीवाल पर साधा निशाना, कहा- सब कुछ गया तब उन्हें श्रीराम की याद आई

**शबाना बेगम, सद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** राजधानी में बुधवार को भाजपा नेता ने आम आदमी पार्टी और सीएम केजरीवाल पर जमकर हमला बोला। इस दौरान दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और उनकी सरकार का घोटालों से पुराना रिश्ता रहा है। 2015-2021 के बीच तत्कालीन मंत्री सत्येन्द्र जैन के हवाला एवं जमीन घोटालों ने केजरीवाल सरकार की पहली पोल 2020 में खुली थी। 2018 में केजरीवाल के रिश्तेदार की कंपनी पीडब्ल्यूडी में फर्जी बिल घोटाले में लिप्त पाई गई थी। इसके बाद 2020-21 में दिल्ली जल बोर्ड में कंपनियों द्वारा बिल जमा घोटाला किया गया, जिसमें उपभोक्ता के बिल जमा करने पर पैसा निजी कंपनी के खाते में जाता था। उन्होंने कहा कि हमारे सवालों का जवाब दिया जाए, या फिर हमारे कार्यकर्ता जवाब लेने के लिए सचिवालय जाएंगे।




उन्होंने सवाल पूछा कि एक कंपनी बॉस्टन कंसल्टिंग, जिसकी मालिक सीमा बंसल पंजाब में आप नेता हैं, उनको शिक्षा विभाग ने 2021 में ऊंची बोली के बाद भी स्कूल ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने का ठेका दिया। मंत्री आतिशी बताएं कि आखिर ऊंची बोली वाली कंपनी को क्यों ठेका दिया गया? केजरीवाल सरकार के अस्पतालों में नकली घटिया दवाओं का मामला जगजाहिर है। मंत्री सौरभ भारद्वाज बताएं कि फेल सर्टिफिकेशन वाली कंपनी तिरुपति मेडिलाइन पी. लिमिटेड से और उनके मालिकों मुदित गुप्ता एवं शुभम गुप्ता से आम आदमी पार्टी का क्या रिश्ता है? अब उन्हें याद आए श्रीराम־ दूसरी तरफ भाजपा नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आप नेताओं के हाथ से जब सबकुछ चला गया, तो उन्हें भगवान राम की याद आई है। इससे पहले केजरीवाल तीन बार मुख्यमंत्री बने तो कभी रामराज की बात नहीं की। पहले तो सीएम मस्जिदों के इमाम को 18 हजार रुपये महीने दिया करते थे, जबकि पुजारी आपके आवास पर प्रदर्शन करते रहे, लेकिन उन्हें कुछ नहीं दिया गया। आपको न प्रभु श्रीराम माफ करेंगे और ना ही श्रीराम को मानने वाले लोग।

# गर्मी बढ़ने के साथ पानी की किल्लत शुरू, सोमनाथ भारती ने एलजी पर राजनीति करने का लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का सितम जारी है। राजधानी दिल्ली में भी अप्रैल के शुरुआत से ही तापमान में भारी बढ़ोतरी दर्ज की गई है। दोपहर के वक्त तेज गर्मी ने लोगों का हाल बेहाल कर रखा है। जैसे ही गर्मी की शुरुआत होती है, दिल्ली के कई इलाकों में पानी की भारी किल्लत देखने को मिलती है।

अभी कुछ दिन पहले ही दिल्ली में पानी के झगड़े को लेकर एक नाबालिग ने महिला की हत्या कर दी थी। महिला की मौत के बाद राजधानी में सियासत तेज हो गई थी। आम आदमी पार्टी और बीजेपी एक-दूसरे पर वार पलटवार कर रहे हैं। वहीं, अब दिल्ली में पानी संकट को लेकर जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती ने एलजी वीके सक्सेना पर गंभीर आरोप लगाया है। सोमनाथ भारती ने कहा कि दिल्ली वासियों को पानी की पूर्ति के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी है। एलजी अड़चन डाल रहे हैं। अपनी मर्यादा भूल कर राजनीति करने पर उतारू हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यवस्था मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्लीवासियों के लिए की है, उनको बल दिया जाए। जनता की तकलीफों से राजनीति करना बहुत ही गलत बात है। एलजी को सरकार के द्वारा बनाई गई योजनाओं पर कार्य करना चाहिए। भगवान राम के आदेश से टिकट मिला־देश भर में तमाम राजनीतिक दल के नेता लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे हैं। ऐसे में नेता मतदाताओं को रुझान के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। अपनी जीत के लिए आज कई नेताओं ने मंदिर में जाकर भगवान से मनोकामनाएं मांगी। इसी क्रम में दिल्ली की सबसे हॉट सीट माने जाने वाली नई दिल्ली से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती ने भी कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया में स्थित शनि मंदिर में जाकर मत्था टेका और भगवान से मनोकामनाएं मांगी।

## निवेश के नाम पर ठगने वाला बेंगलुरू से दबोचा

**नई दिल्ली।** निवेश के नाम पर ठगने वाले जालसाज को साइबर पुलिस ने मंगलवार को बेंगलुरू से गिरफ्तार किया। आरोपी ने एक महिला से करीब 43.76 लाख रुपये ठगे थे। दक्षिणी दिल्ली पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपी की पहचान कर्नाटक के बेंगलुरू निवासी 41 वर्षीय रमेश कन्ना के रूप में हुई है। उसके पास से दो मोबाइल फोन, दो लैपटॉप, दो सिम कार्ड, तीन क्रेडिट-डेबिट कार्ड और एक चेक बुक बरामद की गई है। पुलिस ने बताया कि साउथ एक्स भाग-एक में रहने वाली 48 वर्षीय महिला ने 20 फरवरी को साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि फेसबुक पर शेयर बाजार में निवेश से संबंधित एक विज्ञापन देखा था। विज्ञापन पर क्लिक किया तो वह एक व्हाट्सएप ग्रुप पर पहुंच गई। वहां पर उन्हें शेयर बाजार में निवेश के नाम पर प्रलोभन दिया गया। इसके बाद उनसे करीब 43.76 लाख रुपये की ठगी की गई। जांच में पता चला कि अलग-अलग राज्यों में पांच खातों में उनके रुपये भेजे गए हैं। खाताधारक के बारे में पता करके पुलिस ने बेंगलुरु में छापेमारी की और आरोपी को वहां से गिरफ्तार किया। इस दौरान आरोपी रमेश कन्ना को तमिलनाडु के चेन्नई भागने की फिराक में था। पूछताछ में उसने बताया कि वह चेन्नई के कुछ लोगों के संपर्क में था। वह उन्हें बैंक खातों की जानकारी और सिम कार्ड देने पर बढ़ियां कमीशन देते थे। एक खाते पर उसे 20 हजार रुपये कमीशन मिलता था। इसके अलावा प्रत्येक लेन-देन पर 15 प्रतिशत कमीशन भी मिलता था। फिलहाल पुलिस मुख्य आरोपी की तलाश कर रही है।



# लोकसभा चुनाव से पहले आप ने लॉन्च किया रामराज्य वेबसाइट

**शहनवाज़ सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने रामनवमी के दिन बुधवार को रामराज्य की अवधारणा पर एक वेबसाइट को लांच किया। आपका रामराज्य डॉट काम पर जाकर लोग आम आदमी पार्टी किस तरह रामराज्य की अवधारणा पर काम कर रही है इसे देख सकते हैं। आम आदमी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले इस वेबसाइट को इसलिए लांच किया है, जिससे लोग उनकी पार्टी के कामों को देखे। बेवसाइट पर दिल्ली, पंजाब राज्य में राम राज्य की अवधारणा पर क्या काम हुए है इसके बारे में बताया गया है। वहीं गुजरात और गोवा में उनके विधायकों ने क्या काम किया है उसको भी दिखाया गया है।




दिल्ली के शिक्षा व स्वास्थ्य के मॉडल की तारीफ־आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि, प्रभु श्रीराम की नवमी के मौके पर आपका रामराज्य वेबसाइट को लांच किया गया। आम आदमी पार्टी की रामराज्य को लेकर क्या अवधारणा है। अरविंद केजरीवाल ने रामराज्य को सच करने के लिए दिल्ली में अद्भुत काम करके दिखाया है। पहली रामनवमी है जब अरविंद केजरीवाल हमारे साथ नहीं हैं। वह जेल में हैं और संदेश भेजते रहते हैं। उन्हें झूठे बयानों के आधार पर आज जेल में डाल दिया गया है। पीएम मोदी के मन में बदले की भावना है कि अरविंद केजरीवाल जो कर रहे हैं वह नहीं कर सकते। दुनिया में हो रहा केजरीवाल का नाम־ केजरीवाल शिक्षा, चिकित्सा, मुफ्त सफर, महिलाओं के लिए एक हजार रुपये की बात कर रहे हैं। दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने ऐसा काम करके दिखाया। दुनिया में नाम हो रहा है। अब अमेरिका वाले कहते हैं केजरीवाल से सीखो। आजादी के बाद पहली सरकार है, जिसने फ्री बिजली पानी, महिलाओं का मुफ्त सफर दिया। फिर भी मुनाफे का बजट पेश किया। अरविंद केजरीवाल कहते हैं कि जनता का पैसा जनता के लिए खर्च करो। पीएम मोदी कहते है कि जनता का पैसा चंद दोस्तों पर खर्च करो। जो लोग हमारे राम राज्य मॉडल को देखना चाहते हैं। वह वेबसाइट पर जरूर जाएं। भगवान राम से की केजरीवाल की तुलना־ दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि रघुकुल रीति सदा चलि आई प्राण जाए पर वचन न जाई। इससे प्रेरणा लेकर अरविंद केजरीवाल पिछले नौ साल से काम में लगे हैं। भगवान श्रीराम ने 14 साल वन में रहकर अपना वचन निभाया। अरविंद केजरीवाल भी संघर्ष कर रहे हैं। आज झूठे मुकदमे में उन्हें फंसाया गया है। वह जेल से संदेश भेजते हैं कि दिल्ली में स्कूल, पानी, बिजली आदि की व्यवस्था ठीक रखें। वह यह नहीं कहते है उन्हें बाहर निकालने के लिए काम करो। क्योंकि दिल्ली को वह अपना परिवार मानते है। आपका रामराज्य वेबसाइट पर शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, शहीदों के सम्मान आदि के लिए दिल्ली और पंजाब में जो काम किया है। उसे देख सकें और काम को देखकर वोट करें। रामराज्य में किसी को नहीं होती कोई समस्या־दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि राम राज्य का मतलब जिसके अंदर किसी को कोई समस्या न हो। रामराज्य में किसी को मानसिक व दैहिक कष्ट नहीं था। सभी लोग अपने अपने धर्म का पालन करते थे। कोई भेदभाव नहीं था। सभी खुश थे। अरविंद केजरीवाल जब अपने दिल्ली और पंजाब मॉडल के बारे में कहते हैं तो इसी माडल की बात करते हैं। हमारा गुनाह ये है कि हम काम की राजनीति करते है־आप नेता जैस्मिन शाह ने कहा कि अरविंद केजरीवाल व आम आदमी पार्टी का सिर्फ एक गुनाह है कि हम काम की राजनीति करते हैं।

# स्कूटी सवार महिला को बचाने के चक्कर में खड़े ट्रक में घुसी कार, पांच लोग घायल

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में एक बार फिर सड़क दुर्घटना की खबर सामने आई है। पुष्प विहार में एक स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में एक कार खड़ी ट्रक में जाकर टक्कर मार दी। जिससे कार का आधा हिस्सा ट्रक के बॉडी में घुस गया। इस घटना में पांच लोग घायल हो गए, जिसमें स्कूटी सवार महिला भी शामिल है। वहीं, घटनास्थल से गुजर रहे एक मोटरसाइकिल सवार भी इस घटना का शिकार हो गए। घटना की जानकारी तुरंत पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। दक्षिण दिल्ली जिले के डीसीपी अंकित चौहान ने बताया कि बुधवार करीब दोपहर 1־00 बजे केवी स्कूल पुष्प विहार के पास दुर्घटना की सूचना मिली। जहां मौके पर पहुंची पुलिस टीम को जानकारी मिली कि पुष्प विहार में स्थित केवी स्कूल के पास बुधवार दोपहर करीब 1 बजे कार चालक अपने दो साथियों के साथ जामिया नगर से साकेत की ओर जा रहा था। इस बीच कार सवार व्यक्ति ने एक स्कूटी सवार महिला को बचाने की कोशिश कर ही रहा था कि ठीक इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर सामने खड़े ट्रक में जाकर टक्कर मार दी, जिससे कार में सवार पांच लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान कार सवार फसान (25) निवासी अबुल फजल एनक्लेव जामिया, सिराज (28) निवासी जामियानगर और बाबू राजा (35) निवासी जामियानगर के रूप में हुई है। वहीं, एक अन्य यात्री की पहचान करण (22) निवासी मेट्रो एनक्लेव साकेत के रूप में हुई है। जबकि घायल महिला पास में ही साकेत एच ब्लॉक में रहती है।

## एक नजर

### मां सिद्धिदात्री का पूजन कर सुख-शांति की प्रार्थना

**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर के मंदिरों में बुधवार को रामनवमी पर भक्तों ने मां सिद्धिदात्री का पूजन कर सुख-शांति की प्रार्थना की। वहीं, सेक्टर-सोसाइटी में राम चरित्र मानस का पाठ किया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने शहर में जगह-जगह भंडारे लगाकर प्रसाद का वितरण किया। सेक्टर-19 स्थित सनातन धर्म मंदिर में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने मंदिरों में माता को चुनरी ओढ़कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। नवमी पर सेक्टर-20 स्थित हनुमान मंदिर के कपाट भक्तों के लिए सुबह पांच बजे ही खोल दिए गए थे। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां दुर्गा और भगवान राम की पूजा की। मंदिरों में बड़ी सख्यां में कन्या भोज का आयोजन किया गया। विभिन्न सोसाइटियों में भी इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। रामनवमी पर सेक्टर-100 स्थित वोडा महादेव मंदिर में हवन का आयोजन किया गया। मंदिर में सुबह दुर्गा पाठ के साथ रामायण पाठ में 400 से अधिक श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर में रामनवमी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान को 56 भोग लगाया गया। सेक्टर-62 स्थित नोएडा शिवशक्ति मंदिर में भड़ारे का आयोजन किया गया। घर में लोगों ने कन्याओं को भोजन कराकर उपहार वितरित किए। इसके बाद लोगों ने व्रत खोला और प्रसाद के रूप में हलवा पूरी का वितरण किया।

### 25 हजार के इनामी घोषित अपराधी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** दादरी पुलिस ने अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से अवैध पिस्तौल और मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। आरोपी चार माह से फरार था, जिस पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था। दादरी थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि टीम को दतावली गांव के पास अंसल बिल्डर की साइट पर बंद मकान में अवैध हथियार बनाने की फैक्ट्री की सूचना मिली थी। इसके बाद गैंगस्टर एक्ट के मामले में फरार चल रहे 25000 के इनामी जावेद उर्फ जावर को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी मूल रूप से दनकौर थाना क्षेत्र के बिलासपुर कस्बे के मोहल्ला खिरजा खानी का रहने वाला है। मौके से सात अवैध तमंचे 315, एक तमंचा 12 बोर, एक अद्धा 12 बोर, एक पौनी 12 बोर, एक आधा बना तमंचा 315, एक लोहा गरम करने की भट्टी, एक कोयला डालने की कलछी, संडासी, रेती, छेनी, सुम्मी, हथौड़े, फुकनी, प्लस व पेंचकस सहित अन्य अवैध हथियार बनाने का सामान और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथियों के साथ मिलकर अवैध पिस्तौल बनाता था और फिर उसे मोटरसाइकिल से आसपास के क्षेत्र में बेचकर पैसा कमाता था। आरोपी ने 1 जनवरी 2024 को दादरी क्षेत्र में लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस आरोपी के गिरोह की तलाश कर रही है और इसका अन्य आपराधिक इतिहास भी जुटा रही है।

### जिला स्तरीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने प्रतिभा दिखाई

**गाजियाबाद।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को जिलास्तरीय ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। इसमें खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में दमखम दिखाया। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला एथलेटिक्स संघ के सचिव लिखी राम चौधरी ने बताया कि 'प्रतियोगिता में करीब 100 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। लड़कियों की 100 मीटर दौड़ में अंशिका राय ने प्रथम स्थान हासिल किया। दूसरे स्थान पर श्रेया और तीसरे स्थान पर मानसी रहीं। लड़कों की 100 मीटर दौड़ में विशाल ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर रोहन प्रीत और तीसरे स्थान पर अर्जुन ने कब्जा किया। शॉटपुट इवेंट में लड़कियों में मृगांशी औरलड़को में मोहम्मद आकिब ने प्रथम स्थान हासिल किया। लॉन्ग जंप में सोनाली और शोभित मालिक पहले स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में खुशी तेवतिया और 800 मीटर दौड़ में चिराग त्यागी ने बाजी मारी। 10 हजार मीटर की दौड़ में विकास यादव विजेता रहे। सेक्रेटरी ने बताया कि सभी स्पर्धाओं के विजेता खिलाड़ियों को उप खेल क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया। इसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रदेश स्तर पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा।

### खिलाड़ियों से मतदान करने की अपील, 20 को होगी दौड़

**गाजियाबाद।** महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम में बुधवार को उप खेल क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने खिलाड़ियों को 26 अप्रैल को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। इसके साथ ही आसपास की सोसाइटी में जाकर दूसरे लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक करने की अपील की। उप खेल क्रीड़ाधिकारी पूनम बिश्नोई ने सभी खिलाड़ियों को पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प दिलाया। इसके साथ ही सभी से लोकतंत्र के इस पर्व में मतदान करने की अपील की।उन्होंने बताया कि इसी कड़ी में गाजियाबाद वोट के लिए दौड़ का आयोजन 20 अप्रैल को किया जाएगा। साहिबाबाद में डॉ राम मनोहर लोहिया पार्क से शुरू होकर दौड़ मंगल पांडे चौक होते हुए वापस लोहिया पार्क पर समाप्त होगा।

# लूट का विरोध करने पर कैब चालक की हुई थी हत्या

**नई दिल्ली,एजेंसी।** लाल किला के पास कैब चालक की हत्या रोडरेज में नहीं बल्कि लूटपाट का विरोध करने पर हुई थी। उत्तर जिला पुलिस ने मंगलवार को वारदात में शामिल एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। मुख्य आरोपी फिरोज अभी भी फरार है।

डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि रविवार रात को छत्ता रेल लाल बत्ती के पास कैब चालक शाकिब की स्कूटी सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस फायरिंग में फुटपाथ पर सो रहा किशोर भी घायल हो गया था। कैब की टक्कर से ई-रिक्शा पलटने के बाद विवाद हुआ था, इसलिए शुरुआत में मामला रोडरेज का लग रहा था। जांच आगे बढ़ी तो लूटपाट के विरोध में युवक की हत्या की बात सामने आई। डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि लाल किला चौकी प्रभारी एसआई सत्येंद्र सिंह की टीम को सीसीटीवी कैमरे



की फुटेज में वारदात के वक्त एक संदिग्ध महिला दिखाई दी, जो एक भिखारी से बात कर रही थी। भिखारी को पकड़कर पूछताछ की तो उसने बताया कि महिला का नाम अनिता है और वह पहले अंगूरी बाग इलाके में रहती थी। अनिता ने एक युवक की सहायता से कश्मीरी गेट इलाके में अपने पति पर हमला भी कराया था। पुलिस को अनिता से जुड़ा एक फोन नंबर मिला। इसके आधार पर पहले अनिता और फिर साजिद एवं सलमान को गिरफ्तार किया गया। फिलहाल शाकिब को गोली मारने वाला फिरोज फरार है। पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह रात में वारदात की फिराक में इकट्ठा हुआ था। गिरोह की सदस्य अनिता किसी शख्स को हनी ट्रैप कर सुनसान इलाके में ले जाती और फिर ये लूटपाट कर भाग जाते थे। घटना वाली रात को जब ई-रिक्शा पलटा तो ये सभी मौके पर पहुंचे और सहायता का झांसा देकर ई-रिक्शा चालक की जेब से पर्स निकाल लिया। फिर कैब चालक शाकिब की पिटाई कर उसका भी पर्स निकाल लिया। शाकिब को जब पर्स निकालने का अहसास हुआ तो उसने शोर मचा दिया। इससे वहां मौजूद लोगों ने उनकी पिटाई करना शुरू कर दिया। अपने आप को बचाने के लिए फिरोज ने फायरिंग कर दी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हत्या के बाद अनिता अपने बच्चे और पुरुष मित्र साजिद के साथ ई-रिक्शा से फरार हो गई। वहीं, फिरोज और सलमान स्कूटी से भाग गए। कुछ दूर जाने पर स्कूटी का पेट्रोल खत्म हो गया तो अनिता बोतल में पेट्रोल लेकर आई। चारों करीब दो घंटे तक पुरानी दिल्ली के आसपास घूमते रहे। फिर इसके बाद अलग-अलग इलाकों में फरार हो गए।

# कफन में लिपटी मिली दो वर्षीय बच्ची की लाश

**फरीदाबाद,एजेंसी।**

फरीदाबाद के मुजेसर इलाके में स्थित थर्मल पावर कंपनी के ग्राउंड में मंगलवार देर रात दो वर्षीय बच्ची का कफन में लिपटा हुआ शव मिलने सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची मुजेसर पुलिस ने बच्ची के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि बच्ची कहां की है। किसने उसे यहां पर फेंका, इसकी जांच की जा रही है। थाना मुजेसर के सब इंस्पेक्टर रामकुमार ने बताया कि घटना मंगलवार रात की है। राह चलते एक युवक ने मुजेसर स्थित थर्मल पावर कंपनी के ग्राउंड की झाडियों में एक बच्ची का शव कफन में लिपटा हुआ देखा और कंट्रोल रूम को जानकारी दी ।कंट्रोल रूम से थाना मुजेसर में इसकी सूचना आई थी। सूचना मिलने के बाद वह मौके पर पहुंचे और देखा कि बच्ची झाडियां में कफन में लिपटी हुई पड़ी थी। बच्ची के शव को सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया है। जांच अधिकारी रामकुमार ने बताया की मौके पर जांच की गई तो पाया गया कि, जिस कफन में बच्ची लिपटी हुई थी उस कफन के ऊपर बच्ची का नाम सृष्टि कुमारी पिता का नाम विशाल सिंह लिखा हुआ था जो एक सरकारी अस्पताल के द्वारा दिए गए कफन में लिपटी हुई थी। जिस पर लिखा हुआ था गवर्नमेंट सप्लाई ओनली यूज्ड फॉर मोर्चरी। फिलहाल सभी सबूत को इकट्ठे किए जा रहे हैं और बारीकी से मामले जांच की जा रही है।

# प्रेमिका को असफल प्रेमी को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता- अदालत

**शोएब आलम,संद्भावना टुडे**

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए कहा है कि यदि कोई पुरुष प्रेम में विफलता के कारण अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेता है, तो उसकी महिला साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। अदालत ने कहा कि 'कमजोर और दुर्बल मानसिकता' वाले व्यक्ति द्वारा लिये गए गलत फैसले के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा, यदि कोई प्रेमी प्रेम में विफल रहने के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई छात्र परीक्षा में अपने खराब प्रदर्शन के कारण आत्महत्या करता है, यदि कोई मुवक्किल अपना मामला खारिज किये जाने के कारण आत्महत्या करता है तो क्रमशः प्रेमिका, परीक्षक और वकील को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने यह आदेश एक महिला और उसके दोस्त को अग्रिम जमानत देते हुए पारित किया था। वर्ष 2023 में एक व्यक्ति को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में इन दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मृतक के पिता की शिकायत के अनुसार, महिला और उनके बेटे के बीच प्रेम संबंध थे और दूसरा आरोपी उन दोनों का साझा मित्र था। यह आरोप लगाया गया था कि याचिकाकर्ताओं ने मृतक को यह कहकर उकसाया कि दोनों आरोपियों के बीच शारीरिक संबंध हैं और वे जल्द ही शादी करेंगे। मृतक का शव उसकी मां को उसके कमरे में मिला था। कमरे से सुसाइड नोट भी मिला था, जिसमें मृतक ने लिखा था कि वह उन दोनों (महिला और उसके सामान्य दोस्त) के कारण आत्महत्या कर रहा है। उच्च न्यायालय ने कहा कि यह सही है कि मृतक ने अपने सुसाइड नोट में याचिकाकर्ताओं के नामों का उल्लेख किया था, लेकिन उसकी (अदालत की) राय है कि उस नोट में ऐसा कुछ भी नहीं था, जिससे पता चले कि आरोपियों की ओर से कही गयी बातें इतनी खतरनाक प्रकृति की थीं कि सामान्य व्यक्ति को आत्महत्या करने के लिए मजबूर कर दें।

# संसार श्री राम के सत्य मार्ग पर चलने को है तैयार: आलोक कुमार

**अशोक कुमार, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**फ़रीदाबाद।** श्री राम मंदिर के लिए बुधवार को भूमि पूजन समारोह का आयोजन किया गया। रामा कृष्णा फाउंडेशन द्वारा संचालित श्री राम मंदिर भूमि पूजन के उपरांत विशाल भंडारा एवं प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार सुबह महिला शक्ति द्वारा की गई। जिसमें अध्यक्ष आदेश मिश्रा, उपाध्यक्ष सुमन जिंदल, मीता भाटिया, सुनीता अग्रवाल, मंजु बजाज, मीना अग्रवाल, नीतू राजपूत विशेष रूप से शामिल रही।



परम पूज्य संत श्री कृष्ण स्वामी जी महाराज ( वृंदावन वाले ) की दिव्य उपस्थिति में समिति की महिलाओं द्वारा शुभ भूमि पूजन कार्य सम्पन्न हुआ। सेक्टर-9 में श्री राम मंदिर भूमि पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिंदू परिषद के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष आलोक कुमार ने अपने उद्बोधन में श्री राम मंदिर की चर्चा की और आज के युग में चरितार्थ होने की ओर विशेष सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि आज पूरा विश्व उत्साहित है। समस्त भारत राममय रास्ते पर चल रहा है। आज सारा संसार श्री राम के सत्य के मार्ग पर चलने को तैयार है। फरीदाबाद विधायक नरेंद्र गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि मंदिर निर्माण के साथ- साथ सेवा कार्य में सहयोग तथा अर्थ की कमी नहीं रहती इसी कड़ी में टिपर चंद शर्मा जी ने भी अपने आशीर्वचन में सहयोग का आश्वासन दिया। वृंदावन से पधारे स्वामी कृष्ण स्वामी जी ने भी अपना आशीर्वचन दिया। अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रांत सम्पर्क प्रमुख गंगाशंकर मिश्र ने सभी मेहमानों का धन्यवाद व्यक्त किया। कार्यक्रम में पहुंची शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, पूर्व कैबिनेट मंत्री के भाई एवं वरिष्ठ भाजपा नेता टिपर चंद शर्मा एवं उपाध्यक्ष भाजपा हरियाणा विपुल गोयल, विधायक नरेंद्र गुप्ता, विधायक नयनपाल, अजय गौड़ समेत अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि इस कार्यक्रम में पहुंचे। प्रदीप बंसल, मुकेश अग्रवाल, मनमोहन गुप्ता, राकेश वशिष्ठ, रोशन लाल बोरड़, राजेश माहेश्वरी, कुलदीप अग्रवाल का विशेष योगदान रहा। श्री राम मंदिर इस मंदिर भूमि पूजन समारोह में मुख्य ट्रस्टी मे शामिल आदेश मिश्रा, सुमन जिंदल, मीता भाटिया, बलदेव राज भाटिया, श्रीराम अग्रवाल, वरिष्ठ अधिवक्ता राजकुमार शर्मा, गोपाल कृष्ण आहूजा, राजकुमार अग्रवाल, अरुण बजाज, रणवीर चौधरी, राम लाल बोरड़, ए पी शर्मा , एच एस राजपूत की भागीदारी ने श्री रामा कृष्णा फाउंडेशन समारोह को यादगार बनाने के लिए सभी उपस्थित जन, प्रायोजकों, स्वयंसेवकों और मीडिया भागीदारों को उनके समर्थन और योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

# दिल्ली हाई कोर्ट में पीआईएल दायर कर सीएम केजरीवाल को सरकार चलाने के लिए जेल में सुविधाएं देने की मांग

**शहजाद सैफ, सद्भावना टुडे संवाददाता**

**नई दिल्ली।** आबकारी नीति मामले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को न्यायिक हिरासत से सरकार चलाने के लिए सारी सुविधाएं मुहैया कराने की वकालत करते हुए दिल्ली उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। वकील श्रीकांत प्रसाद द्वारा दायर जनहित याचिका में निर्बाध शासन सुनिश्चित करने के लिए मुख्यमंत्री को कैबिनेट मंत्रियों के साथ बैठक के लिए वर्चुअल कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा देने की मांग की गई है। साथ ही मीडिया को सीएम केजरीवाल के संभावित इस्तीफे और राष्ट्रीय राजधानी में राष्ट्रपति शासन लगाए जाने के बारे में सनसनीखेज खबरें प्रसारित करने से रोकने की भी मांग की गई है।




इसके अलावा, इसमें भाजपा दिल्ली अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा को निशाना बनाते हुए आरोप लगाया गया है कि उनके विरोध और बयान राजनीति से प्रेरित इरादों के साथ केजरीवाल के इस्तीफे के लिए अनुचित दबाव बनाते हैं और शांति तथा यातायात को बाधित करते हैं। प्रसाद की याचिका में दिल्ली के शासन के सराहनीय ट्रैक रिकॉर्ड पर जोर दिया गया है, खासकर पिछले सात वर्षों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में। इसमें तर्क दिया गया है कि राष्ट्रीय राजधानी में वर्तमान परिस्थितियां भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21, 14 और 19 के तहत मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करती हैं। यह कहते हुए कि न तो संविधान और न ही कोई कानून मुख्यमंत्रियों या प्रधानमंत्रियों सहित मंत्रियों को जेल से शासन करने से रोकता है, प्रसाद ने याचिका में लोगों के कल्याण के लिए शासन में निरंतरता सुनिश्चित करने की आवश्यकता का हवाला देते हुए मामले की तात्कालिकता पर जोर दिया है। याचिका में प्रसाद ने कहा है, चूंकि संविधान के निर्माता इस बात को लेकर काफी सतर्क थे कि ऐसी स्थिति आ सकती है जब देश की राजनीति सबसे बुरे दौर में पहुंच जाएगी और उस समय जनता के मौलिक अधिकारों को बरकरार रखने के लिए यह बहुत जरूरी है कि कोई बाध्यता या इस्तीफे के लिए कोई अनिवार्यता न हो, अन्यथा किसी भी मंत्री को इस्तीफा देने के लिए उसी कार्यप्रणाली को दोहराने से गंभीर परिणाम उत्पन्न हो सकते हैं। प्रसाद की याचिका में कहा गया है, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी ने 2020 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में 70 में से 62 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया। इसके अलावा 7 फरवरी 2015 को हुए पिछले दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी ने 70 में से 67 सीटें जीतीं। इससे पता चलता है कि श्री अरविंद केजरीवाल द्वारा दिल्ली का शासन भारत में एक अभूतपूर्व घटना है। याचिका में संवैधानिक सुरक्षा उपायों और मुख्यमंत्री की कानूनी कठिनाइयों के बावजूद शासन की निरंतरता बनाए रखने की अनिवार्यता पर जोर दिया गया है।

# अस्पताल में बिजली चोरी पकड़ी

**ग्रेटर नोएडा।** नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड (एनपीसीएल) की विजिलेंस टीम ने कुलेसरा गांव स्थित बाबा मोहन लाल अस्पताल में बिजली चोरी का पर्दाफाश किया। यहां 95 किलोवॉट की बिजली चोरी हो रही थी। अस्पताल पर 35 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के साथ एंटी पावर थेफ्ट थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। कनेक्शन होने के बाद भी बिजली चोरी की जा रही थी। एनपीसीएल के मुताबिक एडवांस मीटर डेटा एनालिसिस के जरिए पता चला कि कुलेसरा स्थित बाबा मोहन लाल हॉस्पिटल में बिजली की चोरी की जा रही है। इस पर एनपीसीएल की विजिलेंस टीम ने छापा मारा तो अस्पताल में बिजली चोरी होती पकड़ी गई। टीम ने जांच के दौरान पाया कि मीटर की इनकमिंग सर्विस केबल को काटकर मीटर बायपास कर बड़े पैमाने पर बिजली चोरी की जा रही थी। एक्स-रे मशीन, एसी, एलिवेटर कंप्रेशर, सर्जिकल ऑटोक्लेव, कंप्यूटर, फ्रीजर समेत कई उपकरण चोरी की बिजली से चल रहे थे।

# मोदी ने देश की संस्कृति और संस्कार का संरक्षण किया है: नायब सैनी

**पलवल।** फरीदाबाद लोकसभा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर के समर्थन में बुधवार को पलवल में विधायक दीपक मंगला ने विजय संकल्प रैली आयोजित की। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए भाजपा के पक्ष में मतदान की अपील की।

उन्होंने प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा आम, गरीब, मजदूर, पिछड़े और किसान और महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यों व योजनाओं का विस्तार से वर्णन किया। सीएम नायब सिंह सैनी भाजपा उम्मीदवार कृष्ण पाल गुर्जर के समर्थन में वोट मांगने आए उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा पलवल की जनता का उमड़ा हुआ जनसैलाब गवाही दे रहा है कि पलवल की जनता मोदी जी की गारंटी पर विश्वास करती है और माननीय मोदी जी के नेतृत्व में वर्तमान सांसद कृष्ण पाल गुर्जर को तीसरी बार संसद बनाकर मोदी जी की सरकार में फरीदाबाद की हिस्सेदारी कायम रखेगी। उन्होंने कहा की मोदी जी आज दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं, सबसे ताकतवर नेता है, तो वह सिर्फ आपकी वोट की बदौलत है। मोदी जी गरीबों के नेता है अंत्योदय की भावना से उन्होंने पिछले 10 साल में आम जनमानस में सरकार के प्रति विश्वास जगाया है। देश की जनता इस बार नरेंद्र मोदी को 400 पार सीटें देने का संकल्प ले चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने भी देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की संस्कृति और संस्कार का संरक्षण किया है। पिछली सरकारों के दौरान संस्कृति और संस्कार विलुप्त हो रहे थे। आज हमें अपनी संस्कृति पर गौरव महसूस हो रहा है। नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस ने 55 साल देश पर शासन किया, लेकिन लोगों को मूलभूत सुविधाएं देने से वंचित रखा। कांग्रेस के समय गैस का सिलेंडर लेने के लिए भी तीन-तीन दिनों तक लाइनों में खड़ा रहना पड़ता था।

# फरीदाबाद में नहर से ढूंढ रहे थे एक किशोर को, मिली किसी दूसरे की लाश

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के चंदावली में नहर में महिला को बचाने के लिए कूदे 17 वर्षीय किशोर के नहर में डूबने के मामले में एक नया मोड़ सामने आया है। पुलिस ने नहर में लापता हुए किशोर को खोजने के लिए बुधवार अभियान चलाया। पुलिस ने पलवल के मान्दकोल से होकर गुजर नहर से शव निकाला और उसके जीजा को शव की शिनाख्त करवाकर मोर्चरी में भिजवा दिया। मगर बाद में परिजनों ने शव को पहचानने से इनकार कर दिया।

लापता किशोर की बहन लक्ष्मी ने बताया कि उसके भाई के हाथ पर टैटू गुदा हुआ था और उम्र भी कम थी मगर जो यह शव मिला है उसकी उम्र ज्यादा लग रही है और टैटू भी नहीं है। बहरहाल, पुलिस शव की शिनाख्त करवाने में जुटी है। बता दें की फरीदाबाद सदर थाना बल्लबगढ़ की पुलिस बीते कल से ही 17 वर्षीय किशोर की तलाश में नहर में रेस्क्यू अभियान चला रही थी। कल देर शाम किशोर के न मिलने पर उसके परिजनों ने सड़क जाम कर पुलिस और दमकल विभाग के खिलाफ प्रदर्शन भी किया था। इसके बाद उन्हें जल्द से जल्द किशोर को नहर से खोज कर उनके हवाले करने का आश्वासन देते हुए समझा बूझकर जाम तो खुलवा दिया गया था। मृतक की बहन लक्ष्मी ने बताया कि उसके भाई के हाथ पर टैटू गुदा हुआ था। कम दाढ़ी थी। जो शव मिला है वह काफी उम्र का लग रहा है। काफी सड़ी गली अवस्था में है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि वह उसका भाई अनुज नहीं है। इसके बाद उन्होंने पुलिस प्रशासन से अपने भाई के शव को खोजने की मांग की है। वहीं इस मामले थाना सदर बल्लभगढ़ के एसएचओ उमेश कुमार ने बताया की पहले मृतक किशोर के परिजनों ने शव की शिनाख्त की थी लेकिन बाद में उन्होंने पहचान करने से मना कर दिया। फिलहाल परिवार की तसल्ली करवाई जा रही है। परिवार की पूरी तसल्ली करवाई जाएगी यदि यह शव किशोर का नहीं हुआ तो किशोर अनुज के शव की भी तलाश की जाएगी।

# केएमपी एक्सप्रेस वे पर 40 लाख का नशा पकड़ा

**पलवल।** पलवल में पुलिस ने केजीपी एक्सप्रेस- वे पर एक स्विफ्ट कार से चेकिंग के दौरान 40 लाख रुपए कीमत का नशीला पदार्थ बरामद कर दो तस्करों को काबू किया है। चांदहट थाना पुलिस ने अमरपुर चौकी के एएसआई संजय की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी राकेश कुमार ने बुधवार को बताया कि उनकी टीम गश्त पर थी, उन्हें सूचना मिली की एक गाड़ी में केजीपी एक्सप्रेस-वे के रास्ते भारी मात्रा में अवैध रूप से नशीला पदार्थ लाया जा रहा है। पुलिस ने सूचना पर केजीपी टोल के पास नाकाबंदी शुरू कर दी,कुछ देर बाद बताई गई स्विफ्ट कार वहां पहुंची तो पुलिस ने उसे रुकवा लिया। पुलिस ने कार में सवार दो युवकों को हिरासत में। लेकर गाड़ी की तलाशी ली।



तलाशी के दौरान डीएसपी दिनेश यादव को भी बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट मौके पर बुलाया गया। जांच करने पर गाड़ी से प्लास्टिक के छह कट्ट बरामद हुए। जिनका वजन करने पर करीब 149 किलो पाया। पुलिस के अनुसार इसकी बाजार में कीमत करीब् 40 लाख रुपए है। पुलिस ने पकड़े गए दोनों युवकों से जब उनके नाम पते पूछे तो चालक सीट पर बैठे शख्स ने जिला बुलंदशहर के मशोदा गांव निवासी पवन व कंडक्टर सीट पर बैठे शख्स ने जिला नूंह के मोहम्मद पुर गांव निवासी सतीश उर्फ मिंटू बताया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर गाडी व नशीले पदार्थ को कब्जे में ले लिया। पुलिस पूछताड में आरोपियों ने बताया कि वे नशीले पदार्थ को ग्रेटर नोएडा से लेकर आए है और होडल पहुंचाना था। चांदहट थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कार व नशीले पदार्थ को कब्जे में ले लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ करने में जुटी हुई है कि वे किससे और कहां से नशीला पदार्थ लेकर आते है। कहां और किसे सप्लाई करते है, ताकि उन लोगों भी गिरफ्तार किया जा सके।

# सिंधिया परिवार की हर पीढ़ी ने पराजय का स्वाद चखा...

**राकेश अचल**



भारत की राजनीति में पिछले सात दशक से लगातार प्रासंगिक बने हुए ग्वालियर के सिंधिया परिवार की हर पीढ़ी ने पराजय का स्वाद चखा, लेकिन राजनीतिक मैदान नहीं छोड़ा। आजादी के बाद सिंधिया परिवार की अंतिम राजमाता श्रीमती विजया राजे सिंधिया राजनीति में उतरने वाली पहली महिला थी। उन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू और गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल कांग्रेस में लेकर आये थे। राजमाता विजया राजे सिंधिया ने पहला लोकसभा चुनाव 1957 में गुना लोकसभा सीट से कांग्रेस के टिकिट पर ही जीता था। राजमाता विजया राजे सिंधिया कांग्रेस में ज्यादा नहीं टिकीं। एक दशक में ही उनका कांग्रेस से मोह भंग हो गया। 1967 में मध्यप्रदेश के तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित द्वारका प्रसाद मिश्र से अनबन के बाद उन्होंने कांग्रेस से बगावत कर दी और कांग्रेस सरकार गिर गय। राजमाता जनसंघ में शामिल हो गयीं। वैसे भी उनका आराम्भिक झुकाव हिन्दू महासभा की और था। राजमाता ने पहला विधानसभा चुनाव भी 1967 में ही लड़ा था। राजमाता विजया राजे सिंधिया मुमकिन था कि अजेय रहतीं लेकिन आपातकाल के बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी के खिलाफ उनका क्रोध सातवें आसमान पार था। वे अपनी पार्टी की समझाइश के बावजूद हठपूर्वक रायबरेली से श्रीमती इंदिरा गाँधी के खिलाफ चुनाव लड़ीं और हार गयीं। भरपाई के लिए जनसंघ ने उन्हें 1978 में राज्य सभा भेजा। अन्यथा राजमाता ने 1957 के बाद 1962, 71, 89, 1991, 96, 98, 99 में लोकसभा का चुनाव लड़ा और जीतीं। पराजय का स्वाद चखने वाली राजमाता सिंधिया परिवार की पहली सदस्य थीं।

ग्वालियर के सिंधिया परिवार की दूसरी पीढ़ी में राजमाता के पुत्र माधवराव सिंधिया और वसुंधरा राजे सिंधिया ने राजनीति में कदम रखा। माधवराव सिंधिया ने अपने जीवनकाल में लोकसभा के 9 चुनाव लड़े और सभी में विजय हासिल की। माधवराव सिंधिया ने पहला लोकसभा चुनाव 26 साल की उम्र में गुना से जनसंघ के टिकिट पर लड़ा और जीते। आपातकाल के बाद 1977 का चुनाव माधवराव ने निर्दलीय लड़ा और जीत हासिल की। 1980 में वे कांग्रेस में शामिल हो गए और गुना से ही लोकसभा का चुनाव जीते। 1984 में कांग्रेस ने उन्हें उनके गृहनगर ग्वालियर सीट से लोकसभा का प्रत्याशी बनाया। इस चुनाव में उन्होंने भाजपा के सबसे बड़े नेता और राजमाता के विश्वसनीय सहयोगी अटल बिहारी बाजपेयी को प्रचंड बहुमत से हराया। माधवराव सिंधिया ने ग्वालियर से 1998 तक सभी चुनाव लड़े और जीत। उन्हें 1996 में एक चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ना पड़ा क्योंकि कांग्रेस ने उन्हें हवाला कांड के बाद पार्टी से बाहर कर दिया था। लेकिन इस चुनाव में भाजपा ने उन्हें वाकओव्हर दे दिया था। राजमाता के अस्वस्थ होने और ग्वालियर में जन समर्थन में आयी गिरावट के बाद माधवराव सिंधिया 1999 में गुना सीट पर वापस लौट गए। उन्होंने 1999 और 2002 तक गुना का ही प्रतिनिधित्व किया किन्तु अजेय बने रहे। लेकिन उनके साथ ही उनकी बहन वसुंधरा राजे अजेय होने का कीर्तिमान नहीं रच सकीं। वसुंधरा राजे को अपने पहले ही लोकसभा चुनाव में पराजय का मुंह देखना पड़ा। उन्होंने पहला लोकसभा चुनाव 1984 में मध्यप्रदेश की भिंड सीट से लड़ा था। इंदिरा लहर में उन्हें कांग्रेस के प्रत्याशी और दतिया के राजा कृष्ण सिंह ने 88 हजार मतों से पराजित किया था। प्रथम ग्रासे मच्छिका पात होने के बाद वसुंधरा राजे ने मध्यप्रदेश की राजनीति से विदाई ले द्य। वे राजस्थान चलीं गयीं और उन्होंने 1985 में धौलपुर से विधानसभा का पहला चुनाव लड़ा और जीती।

वसुंधरा राजे सिंधिया बाद में 1989, 91, 96, 98, और 99 में लोकसभा के लिए चुनी गयीं। बादमें भाजपा ने उन्हें राजस्थान की राजनीति में इस्तेमाल किय। वसुंधरा राजे ने 2003, 2008, 2013 और 2018 में राजस्थान विधानसभा के लिए चुनाव लड़ा और जीतीं। वसुंधरा राजे दो बार राजस्थान की मुख्यमंत्री भी रहीं। इन दिनों वे हासिये पर हैं। वे अपने भाई माधवराव सिंधिया की तरह अजेय नहीं रह पायी। सिंधिया परिवार की दूसरी पीढ़ी की एक और महिला सदस्य श्रीमती यशोधरा राजे सिंधिया भी हैं। वे भी अपने भाई माधवराव सिंधिया की ही तरह अजेय ही राजनीति से रिटायर हो गयीं। वे बहुत देर से यानि 1998 में राजनीति में आयीं। उन्होंने पहला विधानसभा चुनाव 1998 में शिवपुरी से लड़ा हालांकि वे पहला चुनाव गुना से लोकसभा का लड़ना चाहतीं थीं। यशोधरा राजे ने 2003, 2013, 2018 में भी शिवपुरी से विधानसभा का चुनाव लड़ा और जीता। वे 2007 और 2009 में ग्वालियर से लोकसभा के लिए भी चुनाव लड़ीं और जीती। लेकिन पिछले विधानसभा चुनाव में उन्होंने राजनीति से सन्यास ले लिया। क्योंकि पार्टी नेतृत्व ने उनकी नहीं सुनी। न उन्हें टिकिट दिया और न उनके बेटे को टिकिट दिया। यशोधरा राजे दरअसल अपनी माँ राजमाता विजयाराजे सिंधिया की राजनीतिक विरासत की उत्तराधिकारी बनना चाहतीं थीं, इसीलिए उन्होंने सबसे पहले गुना से लोकसभा चुनाव लड़ने का मन बनाया था किन्तु उनके भाई माधवराव सिंधिया और बाद में भतीजे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ऐसा होने नहीं दिया। राजमाता के निधन के बाद खुद मश्वराव सिंधिया ग्वालियर छोड़कर गुना आ गए थे और बाद में उनके निधन के बाद गुना लोकसभा सीट पर उनके बेटे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कब्जा कर लिया।

सिंधिया परिवार की तीसरी पीढी के प्रतिनिधि ज्योतिरादित्य सिंधिया है। वे अपने पिता माधवराव सिंधिया की आकस्मिक मृत्यु के बाद 2002 में राजनीति में आये। उन्होंने कांग्रेस के टिकिट पर ही गुना से अपना पहला लोकसभा चुनाव लड़ा और जीते। वे 2004, 2009, 2014 में भी कांग्रेस के टिकिट पर ही गुना से चुनाव लड़े और अजेय बने रहे किन्तु 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने उन्हें घेर कर पराजय का मुंह दिखा दिया। यानि सिंधिया परिवार की तीसरी पीढ़ी के प्रतिनिधि भी अजेय नहीं रह सके। मजे की बात ये है कि जिस भाजपा ने उन्हें 2019 में पराजय का स्वाद चखने पर विवश किया था, आज 2024 के चुनाव में वे उसी भाजपा के प्रत्याशी की हैसियत से लोकसभा का चुनाव गुना से लड़ रहे हैं। अब वे हारें या जीतें इससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला क्योंकि पराजय तो उनके दमन का अभिन्न अंग बन चुकी है। सिंधिया पारिवार की चौथी पीढ़ी के महाआर्यमन सिंधिया जो की ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे हैं राजनीति में प्रवेश के लिए तैयार हैं। मुमकिन है की उन्हें 2029 में ग्वालियर या गुना से भाजपा के ही टिकिट पर राजनीति में प्रवेश कराया जाये। सिंधिया प्रियवर की प्रासंगिकता शोध का विषय भी हो सकती है।

बीवाईडी ने रणनीति बदली है। 4 मार्च, 2024 को अपने सबसे पॉपुलर मॉडलों में से एक, 'युआन प्लस क्रॉसओवर' का एक नया संस्करण लॉन्च किया, जिसे चीन के बाहर 'एट्टो 3' के नाम से जाना जाता है, उसकी कीमत 11 प्रतिशत घटाकर 119,800 युआन कर दी। बीवाईडी ने अपनी सबसे किफ़ायती कार, 'सीगल' को भी 5 प्रतिशत सस्ता किया। हालांकि टेस्ला ने भी पिछले साल चीन में कुछ मॉडलों की कीमतों में कटौती की थी, लेकिन वो बीवाईडी से सस्ती कारें नहीं बेच पाई। यूके स्थित कंसल्टेंसी फर्म 'रो मोशन' के अनुसार, 'अमेरिका के बाद चीन, टेस्ला का सबसे बड़ा बाजार है। एलोन मस्क की कंपनी टेस्ला ने 2019 में अपने शंघाई गीगाफैक्टरी में उत्पादन शुरू किया, जहां से 947,000 कारों की डिलीवरी की। बीवाईडी अमेरिका में अपनी कारें नहीं बेचता है, हालांकि कैलिफ़ोर्निया में बीवाईडी ने बस बनाने की फैक्टरी लगा रखी है। टेस्ला और बीवाईडी दोनों अपने घरेलू बाजारों में विस्तार कर रहे हैं, साथ ही विदेशों में कारखाने लगा रहे हैं। वर्ष 2023 में दुनियाभर में कुल 13.6 मिलियन ईवी (बीईवी और हाइब्रिड सहित) बेचे गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। बीवाईडी ने 2023 में वैश्विक स्तर पर हाइब्रिड सहित लगभग 3 मिलियन इलेक्ट्रिक कारें बेचीं। अमेरिका और कनाडा ने टेस्ला के लगभग सात लाख वाहन खरीदे, जबकि उसके छह लाख वाहन चीन में बेचे गए। यूरोपीय देशों में टेस्ला की बिक्री में लगभग चार लाख वाहन शामिल थे। बावजूद इसके, इस साल टेस्ला के शेयर 29 प्रतिशत नीचे हैं, जबकि बीवाईडी स्टॉक लगभग 6 फीसद डाउन है।

# चुनावी दौर में मस्क की यात्रा के यक्ष प्रश्न

**पुष्परंजन**



वर्ष 1995 में धातु विज्ञान स्नातक वांग चुआनफू ने 'बीवाईडी' की स्थापना की, एक छोटी चीनी कंपनी, जो जापानी प्रतिस्पर्धियों की तुलना में अधिक सस्ते में रिचार्जेबल निकल-कैडमियम बैटरी वाली कार बनाने पर केंद्रित थी। लगभग 30 साल बाद, शिएन-शान्शी और शेन्ज़ेन स्थित कंपनी 'बीवाईडी' इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की दुनिया की अग्रणी निर्माता बन गई है। टेस्ला की स्थापना 2003 में हुई थी। एलोन मस्क ने टेस्ला, स्पेस एक्स, न्यूरालिंक और द बोरिंग जैसी कंपनियों की स्थापना की। वर्ष 2023 की आखिरी तिमाही में चीनी कंपनी 'बीवाईडी' ने प्योर-प्ले इलेक्ट्रिक कारों की वैश्विक बिक्री में अमेरिकी दिग्गज टेस्ला (टीएसएलए) को भी पीछे छोड़ दिया था। दोनों कंपनियों में रेस अब भी चल रही है। टेस्ला ने 2024 की पहली तिमाही में अपना ताज फ़िर से हासिल कर लिया है। टेस्ला के सीईओ एलोन मस्क पीएम मोदी से मिलने दिल्ली आ रहे हैं। आम चुनाव के समय मस्क का मोदी से मिलना मानीखेज़ है।ज ून, 2010 में सूचीबद्ध होने पर टेस्ला स्टॉक की कीमत 17 डॉलर प्रति शेयर थी। अब टेस्ला के शेयर 166 डॉलर पार कर चुके हैं। आज की तारीख में टेस्ला 560 अरब डॉलर के मार्केट कैपिटलाइज़ेशन के साथ दुनिया की दिग्गज कार कंपनियों में से एक बन चुकी है। लंदन की डेटा और एनालिटिक्स कंपनी 'ग्लोबलडेटा' के बिजनेस फंडामेंटल विश्लेषक मूर्ति गांधी के अनुसार, 'जहां तक बीवाईडी का सवाल है, इसकी 81 बिलियन डॉलर की मार्केट कैप इसे दुनिया के शीर्ष 10 वाहन निर्माताओं में से एक बनाती है। फिर भी, यह टेस्ला और टोयोटा (टीएम) और स्टेलेंटिस (एसटीएलए) जैसे अन्य कार निर्माताओं से काफी पीछे है, जो फ्रेंच पीएसए ग्रुप और फिएट क्रिसलर ऑटोमोबाइल्स के 2021 विलय से बना समूह है। यह समूह 14 ब्रांडों के तहत कारें बेचता है, जिनमें क्रिसलर, सिट्रोएन, जीप, मासेराती और प्यूज़ो शामिल हैं।' 2023 में, टेस्ला ने बीवाईडी की तुलना में लगभग 230,000 अधिक कारें बेचीं। फिर भी बीवाईडी की प्रतिस्पर्धी क़ीमत ने टेस्ला की महंगी कारों की लकीर छोटी कर रखी है।

बीवाईडी ने रणनीति बदली है। 4 मार्च, 2024 को अपने सबसे पॉपुलर मॉडलों में से एक, 'युआन प्लस क्रॉसओवर' का एक नया संस्करण लॉन्च किया, जिसे चीन के बाहर 'एट्टो 3' के नाम से जाना जाता है, उसकी कीमत 11 प्रतिशत घटाकर 119,800 युआन कर दी। बीवाईडी ने अपनी सबसे किफ़ायती कार, 'सीगल' को भी 5 प्रतिशत सस्ता किया। हालांकि टेस्ला ने भी पिछले साल चीन में कुछ मॉडलों की कीमतों में कटौती की थी, लेकिन वो बीवाईडी से सस्ती कारें नहीं बेच पाई। यूके स्थित कंसल्टेंसी फर्म 'रो मोशन' के अनुसार, 'अमेरिका के बाद चीन, टेस्ला का सबसे बड़ा बाजार है। एलोन मस्क की कंपनी टेस्ला ने 2019 में अपने शंघाई गीगाफैक्टरी में उत्पादन शुरू किया, जहां से 947,000 कारों की डिलीवरी की। बीवाईडी अमेरिका में अपनी कारें नहीं बेचता है, हालांकि कैलिफ़ोर्निया में बीवाईडी ने बस बनाने की फैक्टरी लगा रखी है। टेस्ला और बीवाईडी दोनों अपने घरेलू बाजारों में विस्तार कर रहे हैं, साथ ही विदेशों में कारखाने लगा रहे हैं। वर्ष 2023 में दुनियाभर में कुल 13.6 मिलियन ईवी (बीईवी और हाइब्रिड सहित) बेचे गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि है। बीवाईडी ने 2023 में वैश्विक स्तर पर हाइब्रिड सहित लगभग 3 मिलियन इलेक्ट्रिक कारें बेचीं। अमेरिका और कनाडा ने टेस्ला के लगभग सात लाख वाहन खरीदे, जबकि उसके छह लाख वाहन चीन में बेचे गए। यूरोपीय देशों में टेस्ला की बिक्री में लगभग चार लाख वाहन शामिल थे। बावजूद इसके, इस साल टेस्ला के शेयर 29 प्रतिशत नीचे हैं, जबकि बीवाईडी स्टॉक लगभग 6 फीसद डाउन है। वर्ष 2023 में भारत में कुल कार बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी सिर्फ 2 प्रतिशत थी। मोदी सरकार 2030 तक 30 प्रतिशत ईवी की हिस्सेदारी का लक्ष्य रख रही है। टेस्ला ने इस साल के अंत में भारत में निर्यात के लिए अपने जर्मन प्लांट में राइट-हैंड ड्राइव कारों का उत्पादन भी शुरू कर दिया है। लेकिन टेस्ला का लक्ष्य है कि उसे भारत में कार फैक्टरी लगानी है, दो अरब डॉलर का निवेश भी करना है। रोज़गार मिलते हैं, तो निश्चित रूप से श्रेय मोदी सरकार को जायेगा। मस्क ने इस सप्ताह एक्स पर कहा था, 'भारत में इलेक्ट्रिक कारें होनी चाहिए, उतनी ही जितनी कि हर दूसरे देश में इलेक्ट्रिक कारें हैं। लेकिन कहानी एक कार कंपनी के विस्तार तक सीमित नहीं है। एलोन मस्क 'न्यूरालिंक' के सीईओ भी हैं, जो मानव मस्तिष्क को कंप्यूटर से जोड़ने के लिए अल्ट्रा-हाई बैंडविड्थ ब्रेन-मशीन इंटरफेस विकसित कर रहा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुड़ी यह तकनीक चुनाव में किसी भी खेल को आगे बढ़ाने में सक्षम है। यूरोपीय संघ ने एलोन मस्क के इरादों को भांपकर ही उससे दूरी बनानी शुरू कर दी थी। यूरोपीय संघ एलोन मस्क के स्टारलिंक उपग्रह प्रणाली के वर्चस्व पर अंकुश लगाना चाहता है। चुनांचे, यूरोपीय संघ 'आईआरआईएस' नामक संचार उपग्रहों के एक नए समूह के निर्माण और संचालन के लिए अरबों यूरो के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की प्रक्रिया में है। एलोन मस्क यूरोपीय संघ की नज़र में अविश्वसनीय और विवादित शख्सियत हैं। ईयू ने स्पष्ट किया कि एक्स के माध्यम से एलोन मस्क ने ग़लत-सलत ख़बरें प्लांट कर, यूरोपीय देशों में चुनावों को प्रभावित करने की चेष्टा की थी। ब्राज़ील में भी कुछ ऐसा ही खेल एलोन मस्क कर चुके हैं। 1 जून, 2023 को, सेंटर फॉर काउंटरिंग डिजिटल हेट (सीसीडीएच) ने बताया कि एक्स, जिसे पहले ट्विटर नाम दिया गया था, ग्राहकों द्वारा पोस्ट की गई 99 प्रतिशत नफरत वाले संदेशों के विरुद्ध कार्रवाई में विफल रहा है। 7 अप्रैल, 2024 को ब्राज़ील की सुप्रीम कोर्ट ने एक्स पर फ़र्जी सूचनाएं प्लांट करने के आरोप में एलोन मस्क को लपेटा है। जस्टिस अलेक्जेंड्रे जे मोरेस ने एक्स के बहुतेरे पॉपुलर अकाउंट्स को बंद करने के आदेश दिए। लेकिन एलोन मस्क ने स्वयं को ब्राज़ील की सुप्रीम कोर्ट से बड़ा समझने की ताव में ताबड़तोड़ पोस्ट एक्स पर डाले- 'इस न्यायाधीश ने ब्राज़ील के संविधान और लोगों के साथ निर्लज्जतापूर्वक और बार-बार विश्वासघात किया है। उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए, या उन पर महाभियोग चलाया जाना चाहिए. शर्म करो ञ्अलेक्जेंड्रे, शर्म करो। सवाल यह है, एलोन मस्क चुनावी माहौल में भारत क्यों आ रहे हैं? एक्स की जो भूमिका यूरोपीय देशों और ब्राज़ील में रही, उस पर सवाल उठे हैं। क्या टेस्ला के कारोबार में लाभ के लिए सत्ताधीशों को एक्स के जरिये मदद होती है। ऐसे अनेक यक्ष प्रश्न हैं।

## विचार

# अफस्पा हटाने से पहले अमन की शमां जले

**प्रताप सिंह पटियाल**

आतंकवाद मानवता के खिलाफ सबसे गंभीर मसला बन चुका है। भारत का हमसाया मुल्क पाकिस्तान वजूद में आते ही आतंक का मरकज बन गया था। नतीजतन जन्नत कही जाने वाली 'कश्यप ऋषि' की तपोभूमि कश्मीर को पाक प्रशिक्षित आतंकियों ने जिहाद के नाम पर तीन दशक पूर्व जहन्नुम में तब्दील कर दिया था। जब किसी सूबे में तस्सद्दुद व अस्थिरता का तनाजुर पैदा हो जाए, दहशतगर्दी जैसे गंभीर मसले से निपटने में प्रशासन व राज्य पुलिस बल विफल हो जाए, तो ऐसे सूरतेहाल में अशांत क्षेत्रों में कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए वहां सक्रिय सशस्त्र बलों को 'आर्म्ड फोर्सेज स्पेशल पावर एक्ट' (अफस्पा) कानून विशेष शक्तियां प्रदान करता है। सन् 1958 में वजूद में आया संसदीय अधिनियम अफस्पा सुरक्षा बलों को ऑपरेशन करने, तलाशी अभियान तथा किसी व्यक्ति को संदेह के आधार पर बिना वारंट के गिरफ्तार करने तथा कानून तोडने़ पर गोली चलाने का अधिकार देता है। हालांकि बर्तानिया बादशाही के दौर में अंग्रेज वायसराय 'लिनलिथगो' ने 'भारत छोड़ो आंदोलन' को दबाने के लिए सैन्य बलों को 'सशस्त्र बल' अध्यादेश 1942 पारित करके शक्तियां प्रदान की थीं। उसी अध्यादेश की तर्ज पर 'अफस्पा अधिनियम 1958' अमल में लाया गया था। कुछ वर्षों से आतंक की जद में आ चुके जम्मू कश्मीर व पूर्वोत्तर तथा माओवाद व नक्सलवाद से जूझ रहे राज्यों में स्थानीय पुलिस बल आतंकियों से निपटने में असमर्थ रहे हैं। अत- देश की एकता-अखंडता को बरकरार रखने के लिए इन राज्यों में अफस्पा लागू करके सेना व अर्धसैन्य बलों की तैनाती करनी पड़ी है। पैंतीस वर्ष पूर्व पाक परस्त आंतकियों की कलाश्निकोव राइफलों की आवाज से समूचा कश्मीर थरथरा रहा था। कश्मीर में आतंकी एक विशेष समुदाय की हत्याएं कर रहे थे। आतंक के आगे बेबस कश्मीर के मूल निवासी अपनी पुश्तैनी जागीरें छोडक़र हिजरत को मजबूर हुए थे। जब घाटी में आतंक चरम पर था, उस वक्त जुलाई 1990 में जम्मू कश्मीर राज्य में अफस्पा कानून लागू हुआ था। हाल ही में देश के गृहमंत्री ने एक साक्षात्कार के दौरान कहा कि चुनावों के बाद कश्मीर से अफस्पा हटाने पर विचार किया जाएगा, जबकि आतंकियों की हलाकत पर मातम मनाने वाली अलगाववादी ताकतें एक मुद्दत से अफस्पा हटाने का मुतालबा कर रही हैं। आजादी के बाद से ही जम्मू-कश्मीर राज्य पाक प्रायोजित छद्म युद्ध का सामना कर रहा है। पाकिस्तान के साथ चार बड़े युद्धों में अदावत का मरकज कश्मीर ही था। हिमाचल प्रदेश के 'परमवीर चक्र' विजेता मेजर सोमनाथ शर्मा व कैप्टन विक्रम बत्रा ने जम्मू कश्मीर की सरजमीं को महफूज रखने के लिए शहादत को गले लगाया था। शांतिकाल के सर्वोच्च पदक 'अशोक चक्र' से सरफराज हिमाचल के शूरवीर कै. संदीप सांकला व मेजर सुधीर वालिया ने कश्मीर के महाज पर ही अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। सूबेदार प्रेमचंद व सूबेदार संजीव कुमार वीरभूमि के दोनों 'कीर्ति चक्र' विजेता कश्मीर में आतंक के खिलाफ लड़ते हुए बलिदान हुए थे। भावार्थ यह है कि कश्मीर की सुरक्षा में देश के हजारों सैनिक फिदा-ए-वतन हो चुके हैं। यदि अफस्पा लागू होने से मानवाधिकारों का हनन होता है तो मादर-ए-वतन के लिए शहादत का जाम पीने वाले सैनिकों व उनके परिवारों के मौलिक अधिकारों का जिम्मेवार कौन है? देश में आतंकी हमले हों या प्राकृतिक आपदाएं, भारतीय सेना अपने नागरिकों की सुरक्षा में हमेशा मुस्तैद है। अफस्पा के मुद्दे पर मुल्क की सियासी हरारत एक मुद्दत से बढ़ती रही है। सामरिक विषयों में अनुभवहीन लोग अफस्पा की मुखालफत में अक्सर आवाज बुलंद करते हैं। मणिपुर राज्य की मानवाधिकार कार्यकर्ता 'इरोम शर्मिला' ने अफस्पा के विरोध में अपना अनशन लगभग सोलह वर्ष बाद सन् 2015 में तोड़ा था। सन् 2012 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने भी अफस्पा का विरोध किया था। देश के कई पूर्व न्यायाधीश भी अफस्पा हटाने की वकालत करते आए हैं। लेकिन सन् 1990 के दशक में आतंक के कारण घाटी से पलायन करने वाले पंडितों की सुरक्षा के लिए उस खौफनाक मंजर में कोई सियासी रहनुमां, स्थानीय पुलिस बल, अदालतें, कानून, मानवधिकार आयोग व संयुक्त राष्ट्र संघ तथा देश की अलगाववादी ताकतों से हमदर्दी का इजहार करने वाली संस्थाएं नजर नहीं आई थी। आतंक के उस डरावने माहौल में आधुनिक हथियारों से लैस पाक प्रशिक्षित आंतकियों से निपटने के लिए भारतीय सेना के जवानों ने ही कश्मीर की सरजमीं पर अपनी दास्तान-ए-शुजात का परिचय दिया था। अफस्पा रुखसत करने के बजाय आतंक के कारण चार दशकों से अपने ही मुल्क में शरणार्थी बनकर तर्क-ए-वतन का दंश झेल रहे कश्मीर के मूल निवासियों की सुध लेनी चाहिए। मगर इस मुद्दे पर सियासत के लब-ए-इजहार पर खामोशी की रजामंदी है। प्रश्न यह है कि यदि पुलिस बल अपने राज्यों की सुरक्षा व्यवस्था को संभालने में सक्षम हैं तो सेना को वापस भेजा जाए।

## एक नजर

### नवरात्रि के नौवें दिन महाकाल मंदिर में हुई मां सिद्धिदात्री की पूजा



**किशनगंज,एजेंसी।** चैत्र नवरात्रि के नौवें दिन शहर के रुईधाशा स्थित महाकाल मंदिर में गुरु साकेत के सानिध्य में मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा की गई। यहां माता के साथ महाकाल बाबा की भी पूजा की जाती है। इस अवसर पर भक्त सुबह से ही माता के दर्शन के लिए पहुंच रहे थे। मंदिर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। संध्या में आरती की गयी। बुधवार को महाकाल मंदिर के पुरोहित गुरु साकेत ने बताया कि मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना से सभी तरह की सिद्धियां प्राप्त होती है और लौकिक-परलौकिक सभी तरह की मनोकामनाओं की पूर्ति भी होती है। माता की पूजा करने से सभी कार्य सिद्ध हो जाते हैं और घर में धन-धान्य की कमी नहीं होती। गुरु साकेत कहते है कि मां दुर्गा के इस स्वरूप की पूजा ऋषि-मुनि, यक्ष, देव, दानव, साधक, किन्नर और गृहस्थ आश्रम में जीवनयापन करने वाले भक्त मां सिद्धिदात्री की पूजा-अर्चना करते हैं। सिद्धि और मोक्ष देने वाली मां दुर्गा को सिद्धिदात्री कहा जाता है। इनके स्वरूप की बात करें तो देवी मां भगवान विष्णु की प्रियतमा लक्ष्मी के समान कमल के आसन पर विराजमान हैं और चार भुजाओं से युक्त हैं। मां सिद्धिदात्री हाथों में कमल, शंख, गदा, सुदर्शन चक्र धारण किए हुए हैं। सिंह इनकी सवारी है। मां सिद्धिदात्री समस्त संसार का कल्याण करती हैं। इसके लिए उन्हें जगत जननी भी कहते हैं। गुरु साकेत ने बताया कि नौवें दिन सिद्धिदात्री की पूजा करने के लिए नौ तरह का प्रसाद और नवरस युक्त भोजन, नौ प्रकार के फल-फूल आदि अर्पित करना चाहिए। सिद्धिदात्री देवी सरस्वती का भी स्वरूप हैं।

### नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**अररिया।** फारबिसगंज सहित आसपास के इलाकों में चैत्र नवरात्र को लेकर स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए बुधवार को सैकड़ों की संख्या में भक्तो की भीड़ उमड़ पड़ी। चैत्र नवरात्र का आज नवमी है और मां दुर्गा के नौवें स्वरूप मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना की जा रही है। सबसे अधिक भीड़ फारबिसगंज के छुआपट्टी स्थित मानिक चंद रोड में नवरंग बसंती दुर्गा पूजा समिति के पंडाल में देखने को मिली।पूजा अर्चना और पुष्पांजलि के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जमा हुए और मां दुर्गा के नौवें स्वरूप की पूजा अर्चना की। मौके पर सुहागिन महिलान ने अपने सुहाग की रक्षा को लेकर फल फूल के साथ कोयछा भरा,जिसके बाद सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे के मांगों में सिंदूर लगाकर सदा सुहागन रहने का आशीर्वाद दिया। महानवमी को लेकर पूजा समिति की ओर से मां को खिचड़ी का महाभोग लगाया गया,जिसे पंडाल आने वाले सभी भक्तों के बीच वितरित किया जा रहा है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूजा समिति के सदस्यों के साथ साथ पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जो व्यवस्था को बनाए रखने की कवायद में दिखे। मां दुर्गा के प्रतिमा के दर्शन और पूजा अर्चना के लिए दूर दराज क्षेत्र से श्रद्धालु पूजा पंडाल में पहुंचे।

### हवन-अनुष्ठान एवं कन्या पूजन के साथ चैत्र नवरात्र का हुआ समापन



**सहरसा।** आज चैत्र नवरात्र की महानवमी है।इसे रामनवमी भी कहते हैं। चैत्र नवरात्रि की महानवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा का विधान है। इस दिन मां सिद्धिदात्री की उसापना के पश्चात कन्या पूजन किया जाता है। फिर पारण के बाद चैत्र नवरात्रि का महापर्व समाप्त हो जाता है। सिद्धिदात्री की महिमा चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिन नवमी पर मां सिद्धिदात्री की पूजा होती है।मां सिद्धिदात्री नवदुर्गा का नौवां और अंतिम स्वरूप हैं। इनकी पूजा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है और जीवन के सारे संकट दूर हो जाते हैं। मां सिद्धिदात्री कमल के पुष्प पर विराजमान हैं और इनके हाथों में शंख, चक्र, गदा और पद्म है। यक्ष, गंधर्व, किन्नर, नाग, देवी-देवता और मनुष्य सभी इनकी कृपा से सिद्धियों को प्राप्त करते हैं। ऐसी मान्यता हैं कि नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की उपासना करने से नवरात्रि के 9 दिनों की उपासना का फल मिलता है। पंडित कामेश्वर झा एवं पंडित रविन्द्र झा ने बताया कि इस बार नवरात्रि की महानवमी बहुत खास मुहूर्त है। उन्होंने बताया कि इस बार महानवमी पर रवि योग का शुभ संयोग बन रहा है। सनातन धर्म में रवि योग को बहुत ही शुभ माना गया है। रवि योग में सभी प्रकार के दोषों से मुक्ति मिलती है। महानवमी पर रवि योग पूरे दिन रहने वाला है। महानवमी के अवसर पर कुमारी कन्या भोजन तथा हवन-अनुष्ठान के बाद समापन होगा।

# लोकसभा चुनावः बिहार में दूसरे चरण की पांच सीटों पर 50 उम्मीदवार, 24 प्रतिशत पर आपराधिक मामले

**पटना,एजेंसी।** बिहार में दूसरे चरण का मतदान 5 लोकसभा सीटों किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका पर 26 अप्रैल को होने जा रहा है। इन पांच सीटों पर राजग की तरफ से भाजपा का कोई उम्मीदवार चुनाव नहीं लड़ रहा है। इन पांच सीटों पर 50 उम्मीदवार मैदान में है। इनमें से 12 उम्मीदवार यानी 24 प्रतिशत पर कोई न कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं। बिहार इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के मुताबिक दूसरे चरण की पांच सीटों पर मैदान में उतरे 50 उम्मीदवारों में से 12 यानी 24 प्रतिशत पर कोई न कोई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें 9 यानी 18 फीसदी उम्मीदवार ऐसे हैं, जिन पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके अलावा कुल उम्मीदवारों में 14 उम्मीदवार (28 प्रतिशत) करोड़पति हैं। दूसरे चरण में उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 2.96 करोड़ रुपये है।




दूसरे चरण के लिए उम्मीदवारों की ओर से दाखिल चुनावी हलफनामा के अनुसार जदयू के दो उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जबकि इसमें एक पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। राजद और कांग्रेस के 1-1 उम्मीदवारों पर आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें जदयू के मुजाहिद आलम व दुलालचंद गोस्वामी, राजद की बीमा भारती, कांग्रेस के अजीत शर्मा, एआईएमआईएम के अख्तरुल ईमान के नाम शामिल हैं। सबसे अधिक 41 मामले पूर्णिया के निर्दलीय उम्मीदवार पप्पू यादव पर दर्ज हैं। करोड़पति उम्मीदवारों की पार्टीवार स्थिति देखें तो जदयू के सभी 5, कांग्रेस के सभी 3 और राजद के दोनों उम्मीदवार करोड़पति हैं। हालांकि, पार्टी के आधार पर उम्मीदवारों की औसत संपत्ति को देखें तो जदयू के सभी 5 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 3 करोड़ 31 लाख 84 हजार, कांग्रेस की 30 करोड़ 2 लाख 94 हजार और राजद के 2 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 6 करोड़ 38 लाख 53 हजार रुपये है।

सबसे अधिक संपत्ति वाले उम्मीदवार की बात करें तो पहले नंबर पर भागलपुर लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार अजीत शर्मा हैं, जिन्होंने 54 करोड़ 51 लाख 51 हजार रुपये की संपत्ति की जानकारी सार्वजनिक की है। दूसरे नंबर पर कटिहार से तारिक अनवर की घोषित संपत्ति 19 करोड़ 60 लाख 57 हजार तथा तीसरे नंबर पर किशनगंज के मोहम्मद जावेद की संपत्ति 15 करोड़ 96 लाख 75 हजार रुपये है। सबसे कम संपत्ति वाले तीन उम्मीदवारों में कटिहार से पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के मरंग हंसदा हैं, जिन्होंने 8 हजार 878 रुपये की संपत्ति दिखाई है। इन उम्मीदवारों की शैक्षणिक स्थिति पर नजर डालें तो 50 में 16 उम्मीदवार की शैक्षणिक योग्यता 8वीं और 12वीं के बीच है। 26 की योग्यता स्नातक और इससे अधिक है। सिर्फ एक की योग्यता डिप्लोमा और एक ने डॉक्टर तथा सात उम्मीदवारों की योग्यता सिर्फ साक्षर है। इसके अलावा सिर्फ 3 उम्मीदवारों की आयु 25 से 30 वर्ष के बीच है। 9 की 31 से 40 वर्ष और 20 की 41 से 50 वर्ष के बीच है।

# बगहा पुलिस ने अंतर्राज्यीय कुख्यात अपराधी जवाहिर यादव को हथियार समेत किया गिरफ्तार



**पश्चिम चंपारण ( बगहा )।** बगहा पुलिस जिला की गठित एसआईटी टीम ने अंतर्राज्यीय एक कुख्यात अपराधी को धनहा से बुधवार को गिरफ्तार किया। इस आरोपित अपराधी पर धनहा थाना सहित उत्तर प्रदेश के अलग-अलग थानों में कुल 29 कांड एक दशक वर्ष के भीतर दर्ज हुआ है। कुख्यात अपराधी अपना ठिकाना बदल- बदलकर वर्ष 2024 के अप्रैल माह तक घटना का अंजाम दिया है, इस पर भादवि धारा 323,506,504, 34,379, 429 आदि लागू है। उत्तर प्रदेश की पुलिस ने इसको पकडने के लिए 15 हजार रुपये का इनाम भी घोषित कर रखा था। फिर भी पुलिस के पकड़ से बाहर था।

उक्त आशय की जानकारी बगहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार देवेंद्र ने अपने कार्यालय कक्ष में प्रेस कॉन्फ्रेंस करके दिया है। एसपीडीओ ने बताया कि कुख्यात अपराधी के धर-पकड़ के लिए बगहा पुलिस अधीक्षक सुशांत कुमार सरोज द्वारा एसआईटी टीम गठित किया गया था। आगे उन्होंने बताया कि कुख्यात अपराधी जवाहिर यादव पिता स्व. दुखी यादव ग्राम धवैया थाना धनहा के घर से तलाशी के क्रम में 01 डबल बैरल का देशी कट्टा, 04 जिंदा कारतूस और 02 मोबाइल फोन के साथ कुछ नकद रुपया बरामद की गयी है। धनहा थाना की पुलिस को यह बड़ी उपलब्धि मिली हैं।इस संदर्भ में धनहा थाना में कांड संख्या 80/2024 धारा 25(1-b)a/26 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था।एसडीपीओ ने बताया कि एसआईटी टीम के द्वारा टेक्निकल सेल के सहयोग से छापेमारी किया गया। छापेमारी में धनहा थानाध्यक्ष धर्मवीर भारती,बगहा थानाध्यक्ष अनिल कुमार, चौतरवा थाना संजीत कुमार, बगहा थाना के पु0अवर निरीक्षक उत्पल कांत आदि के द्वारा अपराधी जवाहिर यादव के घर की तलाशी की गई। तलाशी के क्रम में उसके बिछावन के तकिया के नीचे से एक लोहा एवं लकड़ी का बना हुआ डबल बैरल का देशी कट्टा तथा बगल में दो जिंदा कारतूस पाया गया और देशी कट्टा के बैरल में दो जिंदा कारतूस पाया गया। उक्त समय कुख्यात अपराधी जवाहिर यादव को गिरफ्तार किया गया।एसपीडीओ ने बताया कि बगहा पुलिस जिला के धनहा थाना में इस कुख्यात अपराधी के ऊपर पूर्व के चार कांड दर्ज है।

# आनंदी दास अपने हाथ से मूर्ति निर्माण कर विगत 51 वर्षो से मना रहे चैत्र नवरात्र

**सहरसा,एजेंसी।** भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा, विश्वास आस्था व समर्पण के साथ निष्ठापूर्वक किया गया पूजा-पाठ कभी निष्फल नही होता है,बल्कि कलियुग मे भी पूर्ण समर्पण भाव से किये गए पूजा-पाठ से प्रसन्न होकर भगवान अपने भक्तों को साक्षात दर्शन देकर उनकी मनोकामना पूर्ण करते है। वही ममतामयी एवं वात्सल्यमयी माता भगवती की बात ही निराली है। जो प्रसन्न होने पर साधक की सभी मनोवांछित कामना पूर्ण करती है। कुछ ऐसा ही वाक्या आनंदी दास के साथ हुआ, जिसके कारण उनकी दशा व दिशा दोनों में क्रांतिकारी परिवर्तन आया। गंगजला बम्पर चौक निवासी आनंदी दास ने बताया कि शुरुआत के दिनों मे मेरा परिवार काफी सुखी था लेकिन परिवार में अन्यान्य भाइयों द्वारा सब संपति हड़प कर मुझे बेसहारा छोड़ दिया गया लेकिन हम सबकुछ भगवान को सौंप कर किसी तरह गुजर बसर कर रहे थें।वही भगवान के प्रति पूर्ण आस्था के साथ पूजा-पाठ करता रहा। इसी क्रम मे भगवती ने मुझे साक्षात दर्शन देकर सुख समृद्धि का आशीर्वाद दिया।वही अपने हाथ से मूर्ति निर्माण कर पूजा-पाठ करने का आदेश दिया। इसके बाद मैनें अपने हाथ से मूर्ति निर्माण कर वर्ष 1973 से पूजा-पाठ आरंभ किया।



श्रीदास ने बताया कि पूजा आरंभ करने के बाद मुझे जिला परिषद में नौकरी मिल गई। उसके बाद मेरे जीवन मे क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ। वही पुत्र पौत्र धन धान्य से परिपूर्ण होकर सपरिवार पूजा-पाठ मे संलग्न हूं। उन्होंने बताया कि अब तो मूर्ति निर्माण मे मेरा पुत्र भी निपुण हो गया है। वे अपने पुत्र बृजेश कुमार चंद्रशेखर दास एवं बंटी बिजली मिस्त्री को भी मूर्ति निर्माण की कला में पारंगत कर दिया है। अब यह लोग भी मूर्ति बनाने में निपुण हो गये है। इस अवसर पर पंडित रविंद्र झा,कन्हैया झा, गुलशन कुमार झा,विवेकानंद झा एवं प्रेम झा ने बताया कि चैत नवरात्रि के में सप्तशती मंत्रों द्वारा पूरे विधि-विधान से हवन अनुष्ठान किया जा रहा है।साथ ही वर्ष के चारो नवरात्रा में कलश स्थापना कर व्रत उपवास एवं सप्तशती पाठ का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि कार्तिक महीने में मां काली की प्रतिमा, चैत्र नवरात्र में दुर्गा जी की प्रतिमा के साथ-साथ लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश, कार्तिक, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, राम, लक्ष्मण, सीता एवं बजरंग बली की प्रतिमा का निर्माण कर श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना की जाती है। इस मौके पर साधक की तीसरी पीढ़ी विनीत कुमार, विक्की कुमार, सोनू कुमार, अंशु कुमार एवं देवव्रत कुमार के द्वारा भी पूजा पाठ में सराहनीय योगदान दिया जा रहा है।

# चैत्र रामनवमी पर ऐतिहासिक सीताकुंड धाम पर जुटी श्रद्धालुओ की भीड़

**पूर्वी चंपारण,एजेंसी।** चैत्र रामनवमी पर्व जिले के प्रायःसभी मंदिरो में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओ की लंबी कतार देखने को मिला। रामनवमी पर्व पर जिले के चकिया अनुमंडल के पीपरा स्थित बेदीबन मधुबन पंचायत का सीताकुंड धाम पर परंपरागत रूप से लगने वाले मेला मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। जहां हर वर्ष की भांति यहां भव्य मेला का आयोजन किया गया। एक अनुमान के अनुसार प्रभु श्रीराम के चरित्र से जुड़े इस स्थल पर लाखो की संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचे और पूजा-अर्चना करने के बाद मेला का आनंद लिया। बताया गया कि रामनवमी पर यहां प्राचीन काल से ही मेला का आयेजन होता आ रहा है। जहां न केवल पूर्वी चंपारण बल्कि पड़ोसी जिला के साथ यूपी और नेपाल से भी श्रद्धालु पहुंचते है।इसके साथ ही इस मेले में बिहार समेत कई राज्यो के दूकानदार यहां पहुंचकर हस्त शिल्प,काष्ठ शिल्प व औषधीय जड़ी बूटियो की दूकान संजाते है। उल्लेखनीय है,कि पूर्वी चंपारण जिले के सीताकुंड स्थल का अति पौराणिक महत्व है। बताया जाता है, कि प्रभु श्रीराम एवं माता जानकी से शादी रचाकर जनकपुर से अयोध्या लौटने क्रम में उनकी बारात एक रात सीताकुंड में रुकी थी। फिर उसके अगले दिन यहां अवस्थित बेदिवन गढ़ पर चौठारी की रश्म पूरी की गई थी। उस समय यह क्षेत्र राजा जनक के भाई कुशध्वज के साम्राज्य में था। मान्यता के अनुसार यहां एक आम का पेड़ था, जिसके पत्ते कंगन की तरह होते थे। इसके साथ ही यहां स्थित कुंड के बारे में बताया जाता है, कि चौठारी की रस्म के पूर्व माता सीता के स्नान के लिए यहां सात कुंड का निर्माण कराया गया था। वही कुंड के दक्षिण-पूर्व की दिशा में विराजित महादेव गिरिजानाथ के शिवलिंग भी उसी समय स्थापित किये गये थे,जहां प्रभु श्रीराम और माता सीता ने उनकी पूजा-अर्चना की थी। बताते चले कि सीताकुंड नामक यह पौराणिक स्थल 18 एकड़ में फैले एक किलानुमा खंडहर के बीच अवस्थित है।

स्थानीय पत्रकार मंकेश्वर पांडेय व पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य प्रसाद रत्नेश्वर के अनुसार सीताकुंड का पौराणिक महत्व है। हालांकि यह आज भी उपेक्षित है। रामायण सर्किट में 18 एकड़ क्षेत्र में करीब 15 फीट ऊंचे टीलेनुमा क्षेत्र में अवस्थित सीताकुंड को वह विशिष्ट स्थान नही है। जो इसे मिलना चाहिए।यहां अवस्थित प्राचीन मंदिर, पुरातात्विक शिलालेख, कई प्राचीन प्रतिमाएं, व भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण में मिली सामग्रियां सब इसके प्राचीन होने का पुख्ता प्रमाण दे रही हैं। लेकिन बिहार सरकार के उदासीन रवैया के कारण इसका विकास अवरूद्ध है।बताया गया कि वर्ष 1346 ईस्वी में एक शिलालेख कॉर्निंघम ने पाया था। वर्ष 1990 में पुरातत्ववेत्ता डॉ पीके मौन को यहां एक पंचमार्क तांबे का सिक्का मिला था। वहीं वर्ष 1995 में भी पांच मौर्यकालीन पंचमार्क सिक्के मिले थे,जिनमें चार तांबे का एवं एक कांस्य का तक्षशिला किस्म का सिक्का था। कुंड के आसपास के शिलालेख ब्राह्मी लिपि के पूर्व के कई संकेताक्षर अंकित हैं। यहां मिली मौर्यकालीन मूर्तियां भी इसकी प्राचीन होने का प्रमाण देती है।

# नेपाल के वीरगंज में वासंतिक नवरात्र पर निकला गहवा माई की निशान सह डोली यात्रा

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल सटे नेपाल के बीरगंज शहर स्थित प्रसिद्ध शक्ति पीठ गहवा माई मंदिर से वासंतिक नवरात्रा के अवसर पर मंगलवार को गहवा माई की भव्य निशान सह डोली यात्रा निकाली गई। जिसमे भारी संख्या में जुटे श्रद्धालुओं ने विशाल बाइक जुलूस निकाला। दोपहर में मंदिर के मूल पुजारी राधे श्याम उपाध्याय के द्वारा विशेष पूजा अर्चना के बाद शाम 4 बजे से गाजे बाजे, पुष्प वर्षा और जय माता दी के नारे सहित गहवा माई की जय जयकार के बीच निशान सह डोली यात्रा का आयोजन हुआ। वीरगंज के माई स्थान स्थित गहवा माई मंदिर से यह यात्रा शुरू हुई, जो रेशम कोठी, गणेश मान चौक, वीरता माई मंदिर, अलाखिया मठ, मेन रोड, महावीर मंदिर, घंटा घर से गुजरते हुए नगर परिक्रमा के बाद वापस गहवा माई मंदिर परिसर पहुंचा।इसमें वीरगंज के मेयर राजेश मान सिंह, पुजारी राधे श्याम उपाध्याय, नेपाल के चर्चित फिल्म स्टार राजेश हमाल, माई स्थान संचालन समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार साह,डा प्रमोद कुमार सर्राफ, गहवा माई रथ यात्रा समिति के अध्यक्ष श्याम पोखरेल, महा सचिव लक्ष्मी नारायण गुप्ता सहित गण मान्य लोग उपस्थित थे।इसके साथ ही माता के डोली यात्रा में रक्सौल समेत सीमा क्षेत्र से भी बड़ी संख्या भारतीय श्रद्धालु पहुंचे। गाजे बाजे, विभिन्न धार्मिक झांकी,नृत्य के साथ निकले इस निशान सह डोली यात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया।माथे पर जय माता दी की पट्टी बांधे और लाल वस्त्र धारण करने के साथ ही हाथ में जय माता दी और भगवा ध्वज लहराते भक्तजन यात्रा के दौरान झूमते रहे।गहवा माई मंदिर को भी फूलो और झिलमिल रोशनी से दुल्हन की तरह सजाया गया है।

# मानव तस्कर रोधी इकाई ने तीन मानव तस्कर को पकड़ा, नाबालिग लड़की को कराया मुक्त

**पूर्वी चंपारण,एजेंसी।** एसएसबी ने रक्सौल स्थित भारत-नेपाल बॉर्डर से तीन मानव तस्कर को पकड़ा है,साथ ही एक 13 वर्षीय नाबालिग लड़की को मानव तस्कर को मुक्त कराया है। रेस्क्यू किया है। इसकी जानकारी देते एसएसबी इंस्पेक्टर मनोज शर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि मानव तस्कर एक नाबालिग लड़की को लेकर बॉर्डर पार करने वाले है। जिसके बाद एसएसबी जवानों ने चौकसी बरतना शुरू किया।

इसी दौरान मैत्री पुल के रास्ते तीन व्यक्तियों को एक नाबालिग लड़की के साथ नेपाल जाते देखा गया। शक होने पर मैत्री पुल पर तैनात एसएसबी महिला डेस्क के द्वारा रोक कर पूछताछ व काउंसलिंग की गई तो पता चला कि नाबालिग लड़की को बिहार के वैशाली जिला से बहला फुसलाकर भगाया गया है। गिरफ्तार आरोपी राजीव रौशन, राकेश रोशन और दिलीप कुमार से पूछताछ के दौरान पता चला कि शादी का झांसा देकर पहले लड़की को तमिलनाडु ले जाया गया, फिर उसे दिल्ली ले जाया गया अब लड़की को नेपाल ले जाने की तैयारी थी। वही जब



लडक़ी के माता पिता से बात किया गया तो उन्हें इस बाद कि कोई खबर नही थी। लड़की के माता पिता ने आग्रह किया कि उसे नेपाल नही जाने दिया जाए। इस अभियान में इंस्पेक्टर मनोज शर्मा एसआई शिवनाथ मिश्रा, अरविंद द्विवेदी, पम्मी मिश्रा, अन्नामनी, ओम प्रकाश जाट, प्रयास जुबेनाइल से अभिषेक सहित अन्य शामिल थे।

सद्भावना टुडे | हिन्दी दैनिक

## एक नजर

### इजरायल ने दक्षिणी गाजा के राफा में किया हमला, सात लोगों की मौत



**तेल अवीव।** इजरायल वायु सेना ने दक्षिणी गाजा के राफा में एक इमारत पर हमला किया। इस हमले में सात लोगों की मौत हो गई। इजरायली मीडिया के मुताबिक, हमला बुधवार सुबह हुआ। अमेरिका और इजरायल के अन्य सहयोगियों ने इजरायल से राफा पर हमला नहीं करने को कहा था क्योंकि इस क्षेत्र में लगभग 13 लाख लोगों की आबादी है। मिस्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सिसी ने अपनी यात्रा के दौरान अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को सूचित किया था कि राफा पर इजरायली हमलों को रोका जाना चाहिए। मिस्र को चिंता है कि राफा पर हमले से मिस्र के सिनाई क्षेत्र में शरणार्थियों का पलायन हो जाएगा, जो राफा के साथ सीमा साझा करता है। पिछले साल 7 अक्टूबर के हमास के हमले के बाद 27 अक्टूबर 2023 को गाजा में इजरायल रक्षा बलों (आईडीएफ) के जमीनी आक्रमण के बाद से 33 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी मारे गए। मोसाद और शिन बेट सहित इजरायली खुफिया एजेंसियों ने इजरायली युद्ध कैबिनेट को राफा क्षेत्र में अधिकांश बंधकों की मौजूदगी की जानकारी दी है और हमास के आतंकवादी उन्हें मानव ढाल के रूप में इस्तेमाल कर रहे हैं।

### जन्म के बाद एक महीने तक बेटे को खिलाई सिर्फ धूप, मौत, पिता को आठ साल की जेल



**मास्को, एजेंसी।** रूस की इन्फ्लूएंजर को अपने एक महीने के बेटे की मौत पर आठ साल की सजा सुनाई गई। वह बेटे को मां का दूध नहीं पीने देता था, वह उसे धूप के जरिए ही जिंदा रखना चाहता था। साथ ही वह दूसरों के लिए एक उदाहरण सेट करना चाहता था कि सिर्फ सूरज की रोशनी से जीवित रहा जा सकता है। कुपोषण और निमोनिया से बच्चे की मृत्यु हुई है। रूस की एक अदालत में बढ़ा अजीबो-गरीब केस आया। जिसमें एक महीने के बच्चे कोसमोस जिसका वजन 3.5 पाउंड था, उसे अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। चिकित्सकों का कहना है कि वह पहले से ही काफी कमजोर था। उसकी माता ओक्साना मिरोनोवा और पिता मैक्सिम ल्युटी को गिरफ्तार कर लिया गया। मामले की सुनवाई के दौरान कोसमोस की मां ने जो खुलासा किया, उसे अदालत में बैठे सब लोग हैरान रह गए। उसने बताया कि मैक्सिम ल्युटी आलौकिक शक्तियों के लिए बेटे पर अजीब-अजीब प्रयोग किया करता था। प्रसव पीड़ा के दौरान जब मिरोनोवा के अस्पताल ले जाने की बारी आई तो उसने मना कर दिया। घर पर ही मिरोनोवा का प्रसव कराया गया। बेटे का जन्म हुआ उसका नाम कोसमोस रखा। लेकिन अब कोसमोस और मिरोनोवा के साथ प्रताड़ना शुरू हुई। ल्युटी को मिरोनोवा को जबरन शाकाहारी भोजन करवाया, जिसमें जामुन इत्यादि खिलवाए। उसका मानना था कि इससे शरीर में आध्यात्मिक ऊर्जा का विकास होता है। उसके बाद तो उसने हद कर दी। उसने मिरोनोवा को बच्चे को दूध पिलाने के लिए भी मना कर दिया। मिरोनोवा की बहन ने अदालत में बताया कि ल्युटी का मानना था कि सूर्य ही बच्चे को दूध पिला रहा है। उसने बताया कि मिरोनोवा कई बार ल्युटी से छिपकर बेटे को दूध पिलाती है। लेकिन उसे हमेशा डर रहता था कि की ल्युटी को पता न चल जाए। मिरोनोवा की बहन ओलेसा ने कहा कि एक बच्चा सूर्य के भरोसे कैसे जीवित रह सकता है, उसे मां के दूध की आवश्यकता तो होती ही है। मिरोनोवा ने बताया कि ल्युटी अपने बेटे कोसमोस में आलौकिक शक्तियां चाहता था, वह उस पर एक प्रयोग भी कर रहा था। वह चाहता था कि कोसमोस सिर्फ सूर्य की रोशनी के सहारे ही जीवित रहे। बीमार होने पर उसे दवाई नहीं देता था, बल्कि उसने कोसमोस को ठंडे पानी से नहलाया, सिर्फ इसलिए कि इससे बच्चा मजबूत होगा।

**मिरोनोवा की मां ने बताया कि पागल था ल्युटी**

ओक्साना मिरोनोवा की मां गैलिना ने बच्चे की मौत पर अफसोस जताते हुए कहा कि मैंने महसूस किया कि उसमें कुछ तो अलग से वह आम लोगों की तरह नहीं था, वह पागल था। उन्होंने कहा कि मिरोनोवा उसके लिए बलि का बकरा थी। जब भी उसकी मां उसे समझाने की कोशिश करती वह उनकी बातों को अनसुनी कर देती थी। उन्होंने बताया कि ल्युटी चाहता था कि कोसमोस ऐसा आदमी बने जो केवल सूरज की रोशनी खाता-पीता हो।

**ल्युटी ने जल्द रिहा होने की सोशल मीडिया पर की थी पोस्ट**

ल्युटी ने जनवरी में एक सोशल मीडिया पर पोस्ट की। जिसमें उसने कहा था कि उसे जल्दी रिहा होने की उम्मीद है। मामले की सुनवाई के आखिरी समय पर उसने कहा कि वह जानबूझकर गंभीर शारीरिक नुकसान पहुंचाने के कारण हाई सिक्योरिटी जेल में आठ सालों के लिए कैद है। हालांकि कारावास में उसने काफी हरकतों में सुधार किया है।

### सोलोमन द्वीप में संसदीय चुनाव के लिए मतदान जारी

**होनियारा।** सोलोमन द्वीप के संसदीय चुनाव के लिए बुधवार को मतदान हो रहा है। संसदीय चुनाव में 50 सीटों के लिए कुल 334 उम्मीदवार मैदान में हैं। पार्टी-संबद्ध उम्मीदवारों की संख्या 219 है, जबकि 115 स्वतंत्र उम्मीदवार किस्मत आजमा रहे हैं। राष्ट्रीय संसद के चुनाव में 13 राजनीतिक दल लड़ रहे हैं। गौरतलब है कि यहां मतदाता संयुक्त चुनाव में अपना मतदान करते हैं, जिनमें राष्ट्रीय और प्रांतीय दोनों चुनाव शामिल होते हैं। प्रांतीय विधानसभाओं में पदों के लिए कुल 816 उम्मीदवार और होनियारा सिटी काउंसिल के लिए 89 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। मतदान स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजे शुरू हुआ और शाम चार बजे समाप्त हो जाएगा। चुनाव परिणाम गुरुवार से जारी होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय और प्रांतीय सरकारें क्रमश: राष्ट्रीय संसद के सदस्यों और प्रांतीय विधानसभाओं के सदस्यों द्वारा अगले 14 दिनों के भीतर कानून के अनुरूप गठित की जाएंगी। वे चार साल के कार्यकाल के लिए शासन करेंगे।

# भारी बारिश के कारण जलमग्न हुआ दुबई एयरपोर्ट, उड़ानें डायवर्ट

## शॉपिंग मॉल में घुटनों तक भरा पानी



**दुबई, एजेंसी।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का दुबई, जो कि अपने शुष्क और गर्म तापमान के लिए जाना जाता है, मंगलवार को भारी बारिश के कारण बाढ़ में डूब गया। भारी बारिश ने इस हलचल वाले शहर में आम जनजीवन से जुड़ी गतिविधियों को पूरी तरह से ठप कर दिया। इसी के साथ शहर में बाढ़ की स्थिति ने जलवायु परिवर्तन को लेकर चिंता बढ़ा दी है। मंगलवार को भारी बारिश के कारण दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट में भी जलभराव हो गया। बता दें कि दुबई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट को दुनिया के सबसे व्यस्त एयर हब के तौर पर जाना जाता है।

एयरपोर्ट में जलभराव की स्थिति को देखते हुए आने वाली कई उड़ानों को डायवर्ट कर दिया गया। दुबई एयरपोर्ट पर आमतौर पर एक सामान्य शाम में करीबन 100 विमानों का आगमन होता है, लेकिन जलवायु परिवर्तन के कारण वहां जिस तरह के हालात हैं, उसके चलते उड़ानों को डायवर्ट किया गया। हालांकि, 25 मिनट बाद वहां धीरे-धीरे विमानों का आगमन फिर से शुरू हो गया था। भारी बारिश के कारण उड़ान संचालन में देरी हुई या उड़ानों को रद्द किया गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि रनवे पूरी तरह से डूब चुका है। एयरपोर्ट की पार्किंग भी आधी डूब चुकी है। एयरपोर्ट की तरफ जाने वाली सड़कों में भी जलभराव देखने को मिला। दुबई शॉपिंग मॉल में भी घुटने तक पानी भर चुका है। भारी बारिश के कारण दुबई की सड़कों को नुकसान हुआ है, विभिन्न घरों की छतों, दरवाजों और खिड़कियों से पानी रिसने लगा। तूफान का प्रभाव दुबई से आगे तक फैल गया है। पूरे संयुक्त अरब अमीरात के साथ पड़ोसी देश बहरीन भी बाढ़ में डूब गया। मौजूदा स्थिति को देखते हुए संयुक्त अरब अमीरात में स्कूलों को बंद कर दिया गया है। दूसरी तरफ बारिश और तूफान के कारण ओमान में अबतक 18 लोगों की मौत हो चुकी है। बहरीन में भी तूफान के कारण स्थिति खराब हो गई है।

# गाजा में अल-मगाजी शरणार्थी शिविर पर हमले में 13 की मौत, कई घायल, मरने वालों कई बच्चे भी शामिल



**गाजा, एजेंसी।** इस्राइल और गाजा के बीच संघर्ष थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। जहां देखो वहां तबाही का मंजर है, कहीं धमाकों की गूंज तो कहीं चीख-पुकार सुनाई देती है।ताजा मामला मध्य गाजा से सामने आया है, जहां मंगलवार को अल-मगाजी शरणार्थी शिविर को निशाना बनाकर हमला किया गया। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार इसमें सात बच्चों सहित कम से कम 13 लोग मारे गए और 25 से अधिक अन्य घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शी निहाद औदेतल्लाह से प्राप्त एक ग्राफिक वीडियो में कई हताहत लोग फर्श पर पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। कई लोग घबराहट में इधर-उधर भागते, चिल्लाते और शवों को गिनने और ले जाने की कोशिश करते दिखाई दिए। शिविर में रहने वाले ओवडेटल्ला ने सीएनएन को बताया कि उन्होंने मंगलवार को दोपहर करीब 3:40 बजे (स्थानीय समयानुसार) अपने से लगभग 30 से 40 मीटर की दूरी पर एक विस्फोट की आवाज सुनी। उन्होंने कहा, मैं तुरंत यह देखने के लिए चला गया कि क्या हुआ, लेकिन जब पहुंचा तो देखा कि जमीन पर शवों के ढेर थे। उन्होंने आगे बताया कि लोग चिल्ला रहे थे और बच्चे जमीन पर मरे पड़े थे। अल-अक्सा शहीद अस्पताल से ली गई फुटेज में आपातकालीन कक्ष में भारी तादाद में मरीज पाए गए। परिवार के सदस्य अपने प्रियजनों के शवों के पास इकट्ठे हो गए, उन्हें पकड़कर रोते दिखाई दिए। इसके अलावा अस्पताल के मुर्दाघर के एक वीडियो में परिवार अपने प्रियजनों की पहचान करने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच एक आदमी सफेद बॉडी बैग की ओर इशारा करते दिखाई दिया, जिसमें एक युवा लड़के का खून से सना चेहरा दिख रहा था, वह कहने लगा, यह मेरा बेटा है। एक अन्य व्यक्ति ने कहा, उनका किसी से कोई लेना-देना नहीं है! वे नागरिक हैं। हम पर दया करो। आप बच्चों को मार रहे हैं। आप किसी सेना या सेनानियों को नहीं मार रहे हैं; आप उन बच्चों को मार रहे हैं जो सड़क पर शांति से खेल रहे थे।

## भारत और पाकिस्तान से बातचीत के जरिए समाधान निकालने को कहा : अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने आतंकवादियों को मारने के लिए सीमा पार करने संबंधी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कथित बयानों पर कहा कि अमेरिका इस मसले में बीच में नहीं पड़ेगा लेकिन उसने भारत और पाकिस्तान को तनाव बढ़ाने से बचने और बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशने का अनुरोध किया है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। उनसे आतंकवादियों के सफाए के लिए अन्य देशों में भारत के कथित अभियानों के बारे में प्रश्न पूछा गया था। यह पूछे जाने पर कि क्या मोदी और सिंह की टिप्पणियों को कनाडा में (खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह) निज्जर की कथित हत्या, (घोषित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह) पन्नू की न्यूयॉर्क में हत्या की साजिश और पाकिस्तान में हत्याओं के संदर्भ में इकबालिया बयान के रूप में देखा जा सकता है, इसपर मिलर ने कहा कि अमेरिका इस मसले में नहीं पड़ेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा, अमेरिका इसमें नहीं पड़ेगा लेकिन हम भारत और पाकिस्तान दोनों को तनाव से बचने और बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशने का आग्रह करते हैं। अमेरिका ने इस मामले में भारत पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में विचार क्यों नहीं किया, इस प्रश्न के उत्तर में मिलर ने कहा, मैं प्रतिबंधों के बारे में कुछ नहीं कहूंगा। अगर आप प्रतिबंधों के बारे में मुझसे पूछते हैं तो मेरा जवाब है कि हम इस पर सार्वजनिक तौर पर बात नहीं करतेज़।

# ईरान क्षेत्र में तनाव नहीं बढ़ाना चाहता: विदेश मंत्री



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के विदेश मंत्री होसैन अमीर-अब्दुल्लाहियन का कहना है कि देश क्षेत्र में तनाव बढ़ाना नहीं चाहता है। ईरानी विदेश मंत्रालय से जारी बयान के अनुसार, ईरान के विदेश मंत्री ने मंगलवार को इंडोनेशिया के विदेश मंत्री रेटनो मार्सुडी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बयान दिया। इस दौरान दोनों पक्षों ने मध्य पूर्व में लेटेस्ट घटनाओं पर चर्चा की, जिसमें इजरायल पर ईरान के बड़े पैमाने पर जवाबी हमले और गाजा पट्टी की स्थिति के साथ-साथ द्विपक्षीय संबंध भी शामिल थे। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, विदेश मंत्री अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा कि ईरान हमेशा क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बना रहेगा। इजरायल क्षेत्र में तनाव और युद्ध का मूल कारण है।

विदेश मंत्री ने एक अप्रैल को सीरिया की राजधानी दमिश्क में ईरान के दूतावास के कांसुलर सेक्शन पर इजरायल के कथित हमले की इंडोनेशिया की निंदा की सराहना की और इजरायली हमले को आक्रामकता का कार्य बताया। विदेश मंत्री अमीर-अब्दुल्लाहियन ने कहा कि इजरायल के खिलाफ ईरान का ड्रोन और मिसाइल हमला अंतरराष्ट्रीय कानून के दायरे में था। इंडोनेशियाई विदेश मंत्री ने अपनी ओर से फिलिस्तीनी मुद्दे पर द्विपक्षीय सहयोग जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा कि गाजा संकट को नहीं भूलना चाहिए और फिलिस्तीनी मुद्दे को जीवित रखना चाहिए।

# दक्षिण लेबनान में इज़रायली हमले में तीन की मौत, तीन घायल



**बेरूत।** लेबनान के दक्षिणी शहर शेहाबिया में इजरायल की ओर से किए गए हमले में हिजबुल्लाह के दो लड़ाके और एक अमल मूवमेंट सदस्य की मौत हो गई और तीन नागरिक घायल हो गए।

लेबनानी सैन्य सूत्रों ने यह जानकारी दी। गुमनाम रूप से बात करने वाले सूत्रों ने कहा कि इजरायली ड्रोन ने मंगलवार शाम को हवा से सतह पर मार करने वाली तीन मिसाइलें दागीं, जिससे कई दुकानें और 22 से अधिक घर क्षतिग्रस्त हो गए। सूत्रों के मुताबिक, इजरायली युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के इलाकों में छह हवाई हमले किए और कई कस्बों और गांवों पर गोले दागे। इस बीच, हिजबुल्लाह ने कहा कि उसके लड़ाकों ने कई इजरायली साइटों पर हमला किया। एक लेबनानी सैन्य सूत्र ने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया कि अपराह्न में लेबनान से उत्तरी इजरायल की ओर 100 से अधिक सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं, जिनमें से कुछ को इजरायली आयरन डोम मिसाइलों द्वारा रोक दिया गया। इससे पहले दिन में, दक्षिणी लेबनानी गांव ऐन बाल में एक नागरिक कार पर इजरायली हमले में हिजबुल्लाह का एक स्थानीय नेता मारा गया था। पीड़ित की पहचान शेहबिया शहर के अबू जाफ़र बाज़ के रूप में की गई। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष सात अक्टूबर को इजरायल पर हमास की ओर से किए गए हमलों का लेबनानी सशस्त्र समूह हिजबुल्लाह द्वारा समर्थन किए जाने के बाद इजरायल और लेबनान की सीमा पर तनाव बढ़ गए हैं। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार, हिज़्बुल्लाह और इज़रायल के बीच टकराव में लेबनानी पक्ष के 423 लोग मारे गए हैं, जिनमें हिज़्बुल्लाह के 269 सदस्य और 75 नागरिक शामिल हैं।

## लेबनान में आईडीएफ ने हिजबुल्ला के तीन लड़ाके मार गिराए, आतंकी संगठन ने की मौतों की पुष्टि



**तेल अवीव, एजेंसी।** ईरान-इस्राइल संघर्ष के बीच इस्राइली सुरक्षा बल ने बताया कि उन्होंने दक्षिणी लेबनान में हिजबुल्ला के दो कमांडर समेत तीन लड़ाके मार गिराए हैं। आईडीएफ की तरफ से जारी बयान में कहा गया कि राडवान बलों के पश्चिमी क्षेत्र के रॉकेट और मिसाइल यूनिट के कमांडर मोहम्मद हुसैन शाहोरी हवाई हमले में मारा गया। आईडीएफ ने कहा, मोहम्मद ने लेबनान की तरफ से इस्राइली क्षेत्र में रॉकेट और मिसाइलों को लॉन्च करने की योजना बनाने में मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके साथ ही उन्होंने कहा, हिजबुल्ला के रॉकेट और मिसाइल यूनिट का संचालक मोहम्मद इब्राहिम फादल्लाह भी इस हवाई हमले में मारा गया। एक अलग बयान में आईडीएफ ने बताया कि लेबनान के ऐन एबेल क्षेत्र में हिजबुल्ला के तटीय क्षेत्र के कमांडर इस्माइल यूसुफ बज को दक्षिणी लेबनान में मार दिया गया है। हिजबुल्ला ने अपने तीन लड़ाके की मौतों की पुष्टि की है। एक इस्राइली अधिकारी ने कहा कि ईरान के हवाई हमले की जवाबी कार्रवाई करने के लिए युद्ध कैबिनेट के साथ जो बैठक हुई थी वह खत्म हो चुकी है। सूत्रों ने इस बैठक से जुड़ी अन्य जानकारी पर कोई बात नहीं की है। ईरान के हमले के बाद स्थानीय समयानुसार 12:30 बजे युद्ध कैबिनेट के साथ बैठक शुरू हुई थी। इस्राइल के सहयोगियों और क्षेत्रीय नेताओं ने संयम बरतने का आह्वान किया था, जिससे कि तेल अवीव में ईरान के हमले का बदला लेने की योजना बनाई जा सके। बता दें कि शनिवार को ईरान ने पहली बार इस्राइली क्षेत्र में करीबन 300 मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया था। इस्राइल सुरक्षा बल के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने बताया कि इन मिसाइलों में 99 फीसदी को उन्होंने रोक दिया था।

उन्होंने आगे बताया कि ईरान की तरफ से 120 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी गईं थी। इस हमले के बाद इस्राइल के रक्षा मंत्री योआव गैलेंट ने कहा कि ईरान और इस्राइल के बीच टकराव अभी खत्म नहीं हुआ है। इसी के साथ उन्होंने इस्राइल को हर स्थिति के लिए तैयार रहने को भी कहा है। एक अप्रैल को सीरिया में ईरान के वाणिज्य दूतावास पर हमला हुआ था। इससे दूतावास का एक खंड पूरी तरह ध्वस्त हो गया था। वहीं, ईरान के दो शीर्ष सैन्य जनरल और पांच अन्य अधिकारी भी मारे गए थे। इस हमले का ईरान इस्राइल पर आरोप लगा रहा है। साथ ही उसने जवाबी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी थी।

## व्हिसलब्लोअर ने मानवाधिकर संगठन और चीन की सांठगांठ का किया खुलासा, तरफदारी को बताया बेहद खतरनाक



**लंदन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र ने गंभीर आरोप लगाते हुए मानवाधिकार उच्चायुक्त और चीनियों के बीच के संबंधों पर सवाल खड़ा कर दिया है। यूके संसद की विदेश समिति ने अंतरराष्ट्रीय संबंधों की अपनी जांच लिखित रूप में प्रस्तुत की है। ओएचसीएचआर की पूर्व कर्मचारी एम्मा रीली ने आरोप लगाते हुए कहा कि ओएचसीएचआर चीन का पक्ष ले रहा है जो कि खतरनाक है। ब्रिटेन की संसद की विदेश समिति से मिली जानकारी के अनुसार आरोप लगाया गया है कि संयुक्त राष्ट्र चीन की तरफदारी कर रहा है। और इसको छिपाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विकास लक्ष्यों के लिए दो साल की बातचीत के दौरान बीजिंग ने सदन के दो अध्यक्षों को रिश्वत दी। उन्होंने साक्ष्य के अनुसार आरोप लगाते हुए कहा कि चीन संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों पर शर्त भी लगाता है। ताइवान के साथ राजनयिक संबंधों वाले राज्यों में धनराशि खर्च नहीं की जाएगी। रीली ने आरोप लगाया कि ओएचसीएचआर का शाखा प्रमुख एक फ्रांसीसी नागरिक हैं, जो कि चीन को खूफिया जानकारी दे रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त राष्ट्र के सभी अधिकारियों ने जानबूझकर यूके सहित सभी प्रतिनिधिमंडल के सदस्य देशों से झूठ बोला है। जिन्होंने ब्रिटेन के नागरिकों और निवासियों सहित- पीआरसी को उनकी जानकारी या सहमति के बिना नाम सौंपने की संयुक्त राष्ट्र नीति के बारे में पूछताछ की थी।

रीली ने आरोप लगाया कि ऐसे मामलों में जहां चीन को संयुक्त राष्ट्र सचिवालय द्वारा एनजीओ प्रतिनिधियों के नाम अग्रिम रूप से प्रदान किए गए थे। उन प्रतिनिधियों ने बताया है कि चीन की पुलिस उनके परिवार के सदस्यों से मिली। उन्हें फोन करने के लिए मजबूर किया। उनकी मनमाने ढंग से गिरफ्तारी और बैठक की अवधि के लिए घर में नजरबंद रखा गया। बिना किसी कारण के लंबी जेल की सजा सुनाई, यातना दी या एकाग्रता शिविरों में डाल दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ मामलों में उनके परिवार के सदस्यों की हिरासत में ही मौत हो गई। एक मामले में चीन सरकार ने एक एनजीओ प्रतिनिधि के खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस जारी किया। विदेश मामलों की समिति ने 16 अप्रैल को जांच में अपना पहला साक्ष्य सत्र आयोजित किया। इसमें व्हिसलब्लोअर रीली और लॉर्ड मैलोच-ब्राउन सहित अन्य गवाहों की सुनवाई हुई। बहुपक्षीय प्रणाली में अंतरराष्ट्रीय संबंधों की समिति की जांच में पता चला कि किस तरह देशों की एक विस्तृत श्रृंखला बहुपक्षीय संगठनों का उपयोग कर रही है।

## पोर्न स्टार को धन देने के मामले में ट्रंप फिर अदालत पहुंचे

**न्यूयॉर्क।** पोर्न स्टार को मुंह बंद रखने के लिए चोरी से धन देने आरोपों के मामले में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को पुन-न्यूयॉर्क की एक अदालत में पहुंचे। इस मामले की सुनवाई के लिए जूरी सदस्यों के चयन की प्रक्रिया जारी है। जूरी के 12 सदस्यों और छह वैकल्पिक सदस्यों का चयन किया जाना है। इस मामले की मैनहट्टन में ऐतिहासिक सुनवाई शुरू होने के पहले दिन सोमवार को किसी जूरी सदस्य का चयन नहीं हो सका था। इस मामले को लेकर दर्जनों लोगों ने कहा कि उन्हें नहीं लगता कि वे इस मामले में निष्पक्ष हो सकते हैं जिसके बाद चयन प्रक्रिया से उन्हें बाहर कर दिया गया। दर्जनों अन्य संभावित जूरी सदस्यों से सवाल-जवाब किए जा रहे हैं। ट्रंप मंगलवार सुबह अदालत कक्ष पहुंचे। यह अमेरिका के किसी भी पूर्व राष्ट्रपति से संबंधित पहला आपराधिक मुकदमा और ट्रंप के चार अभियोगों में से पहला मुकदमा है जिसकी सुनवाई हो रही है। यह संभवत- ऐसा पहला मुकदमा बन सकता है जिस पर नवंबर को देश में होने वाले राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान से पहले फैसला आ सकता है।

### एक नजर

## अंतरराष्ट्रीय गोल्ड मेडलिस्ट बॉक्सर अजय कुमार को किया गया सम्मानित

### अपर जिला जज द्वारा दिया गया सम्मान



**सद्भावना टुडे, संवाददाता**

**लखनऊ।** 17 अप्रैल को मुजफ्फरनगर जनपद की तीर्थ नगरी शुक्रताल में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में एक समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें समाज और देश का नाम रोशन करने वाले खिलाडियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं सहित अलग-अलग श्रेणी में देश की महान हस्तियों को सम्मानित किया गया द्य शुक्रताल में हुई बाबा साहब की जयंती समारोह के अवसर पर मुजफ्फरनगर जनपद के गांव सादपुर के अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग खिलाडी अजय कुमार को भी खेलों में बेहतर प्रदर्शन करने पर ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। जनवरी में नेपाल में आयोजित हुए अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला जज श्री सुंदरलाल जी द्वारा सम्मानित किया गया। अजय कुमार ने कहा कि ऐसे सम्मान मुझे निरंतर आगे बढ़ने को प्रेरित करते हैं और गर्व भी महसूस हो रहा है कि बाबा साहब की जयंती के अवसर पर मुझे यह सम्मान प्राप्त हुआ। जिससे मेहनत करने की जिज्ञासा दुगनी हो जाती है द्य कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर जिला जज श्री सुंदरलाल जी के अतिरिक्त सादपुर के पूर्व प्रधान श्री ब्रह्म प्रधान तथा श्री अरुण कुमार बड़ोदिया व श्री अतर सिंह एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## आचार्य देवव्रत ने किया वैदिक गुरुकुल भवन का शिलान्यास

**गांधीनगर,एजेंसी।** गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने बुधवार को समर्पण भवन का लोकार्पण और वैदिक गुरुकुल भवन का शिलान्यास किया। श्री देवव्रत ने गांधीनगर जिले की माणसा तहसील के लाकरोडा गांव में साबरमती नदी के तट पर वैदिक संस्कृति, गुरुकुलीय शिक्षा की सुरक्षा और संवर्धन हेतु स्थापित दर्शनयोग धाम में आज समर्पण भवन का लोकार्पण किया। इस भवन में 36 साधना कुटीर हैं। रामनवमी के पावन पर्व पर उन्होंने इस संकुल में वैदिक गुरुकुल भवन का शिलान्यास भी किया। गांधीनगर के लाकरोडा में वैदिक संस्कृति की सुरक्षा, आर्ष ज्ञान-विज्ञान के प्रचार-प्रसार तथा सुसंस्कार के निर्माण के लिए सक्रिय आदर्श संस्था-दर्शनयोग धाम में व्याकरण शास्त्र, वेद साहित्य, आयुर्वेद, ज्योतिष, दर्शन एवं उपदेशक महाविद्यालय आकार लेगा। राज्यपाल ने इस अवसर पर कहा कि वैदिक गुरुकुलों में वेद परम्परा, योग, संध्या हवन एवं नैतिक शिक्षण के साथ ही आधुनिक अभ्यास का समन्वय करने की आवश्यकता है। बदलते समय में शास्त्रों के विद्वानों को विज्ञान एवं टेक्नोलॉजी का सहयोग जरूरी है। अगर ऐसा होगा तो विद्वानों के समक्ष रोजगार की समस्या नहीं आएगी। इतना ही नहीं, उनके ज्ञान एवं विद्या का दायरा और ज्यादा बढ़ेगा। श्री देवव्रत ने कहा कि आर्ष गुरुकुल का विद्यार्थी डॉक्टर, इंजीनियर, बैरिस्टर या सेना का अधिकारी नहीं बनेगा, लेकिन इन तमाम को सच्चे और अच्छे मनुष्य बनाने की क्षमता उसमें होगी। आज राष्ट्र के सर्वांगीण विकास और महान राष्ट्र के निर्माण के लिए ऐसे मनुष्यों की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हम गुजरात की धरा पर जन्मे महर्षि दयानंद सरस्वतीजी की 200वीं जन्म जयंती मना रहे हैं। तब उनके कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए संकल्पबद्ध हों। वेदों के प्रति अत्यंत निष्ठा के साथ उन्होंने समाज के कुरिवाजों को दूर किया था। देश में व्याप्त अज्ञान, अन्याय, अभाव और आलस को दूर करने तथा देश को कल्याण के मार्ग पर ले जाने के लिए उन्होंने हजारों विद्वान तैयार करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दर्शनयोग धाम जैसे संस्थान इस दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं तब समाज को भी ऐसे कार्यों में सम्पूर्ण सहयोग देना चाहिए।

# राम विरोधी है इंडिया समूह : केशव



**लखनऊ,एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) महासचिव प्रो रामगोपाल यादव के राम मंदिर पर दिये गये बयान पर पलटवार करते हुये उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आरोप लगाया कि पूरा का पूरा इंडिया समूह भगवान राम की विरोधी है। उन्होने कहा कि कांग्रेस और सपा ने देशवासियों की आस्था से खिलवाड़ करने का काम कोई पहली बार नहीं किया, वे लगातार और बारंबार करते आ रहे हैं। सनातन विरोधी इन लोगों ने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया था। आज सपा महासचिव ने भगवान राम और रामभक्तों के खिलाफ अनर्गल बयान देकर सनातनियों की श्रद्धा पर कुठाराघात किया है।

श्री मौर्य ने जनता से अपील की कि लोकसभा चुनाव में जनता को एक बार फिर इनका घमंड तोड़ना पड़ेगा। जो राम का नहीं ही वो किसी के काम का नहीं। यदि सपा महासचिव अपने नेता को श्रीरामलला मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा के आमंत्रण को स्वीकार करने की सलाह दिये होते तो तो भगवान श्रीराम इनके सारे पाप और कलंक धो देते। उन्होंने कहा कि भगवान राम के मामले में जब सुप्रीम कोर्ट ने फैसला कर दिया तो भूमिपूजन के समय के समय कांग्रेस और सपा के मुखिया चिल्लाने लगे कि देश में आग लग जाएगी। इनके दावे फेल हो गये और इसका देश में कोई फर्क नहीं पड़ा। इसके बाद राम मंदिर के उद्घाटन के समय भी इन सभी लोगों को बुलाया गया। लेकिन, बड़े ही दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि इनके पास 70 वर्षों के पाप और कलंक धोने का अच्छा मौका था। इन्होंने उसे भी ठुकरा दिया। भाजपा नेता ने कहा कि इन्होंने आस्था पर कुठाराघात करने का काम किया है। ये भगवान बालक राम के मंदिर में आजतक दर्शन को नहीं गये हैं और जब आज लाखों देशवासी पूरी श्रद्धा के साथ आज रामनवमी पर प्रभु के दर्शन को आये तो उन्हें सपा महासचिव राम गोपाल यादव ने ढोंगीं बताकर संपूर्ण सनातनियों को अपमानित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सपा के महासचिव राम गोपाल यादव अपनी पार्टी की लाईन ही बोल रहे हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने राम भक्तों पर गोली चलवाई थी, अयोध्या की सड़कों को खून से लाल करने का काम किया था। इन्होंने राम के अस्तित्व पर भी सवाल उठाने का काम किया था लेकिन 2014 से सनातनियों ने अपमान का बदला लेना सीख लिया है।

# ओला एस1एक्स की शुरूआती कीमत 69999 रुपये




**नई दिल्ली,एजेंसी।** ओला इलेक्ट्रिक ने भारतीय ईलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में आम आदमी तक पहुंचने के उद्देश्य से एस1एक्स पोर्टफोलियो (2 किलोवॉट घंटा, 3 किलोवॉट घंटा, और 4 किलोवॉट घंटा) के लिए नई कीमतों की घोषणा की, जो 69,999 रुपये (2 किलोवॉट घंटा के लिए आमंत्रण मूल्य) से शुरू होंगी। कंपनी ने आज यहां जारी बयान में कहा कि एस1एक्स की डिलीवरी पूरे भारत में अगले सप्ताह से शुरू होंगी। एस1प्रो, एस1 एयर, और एस1 एक्स प्लस क्रमशः 1,29,999 रुपये, 1,04,999 रुपये, और 84,999 रुपये में उपलब्ध होंगे।

एस1 की संपूर्ण श्रृंखला पर 8 साल या 80,000 किलोमीटर की बैटरी वॉरंटी बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के मिलेगी। ओला ने ढाई सालों से कम समय में ही 500,000 से ज्यादा वाहनों का रजिस्ट्रेशन होने की उपलब्धि हासिल कर ली। उसने कहा कि एस1एक्स तीन बैटरी कॉन्फिगुरेशंस - 2 किलोवॉट घंटा, 3 किलोवॉट घंटा और 4 किलोवॉट घंटा में उपलब्ध होगा, जिनका आमंत्रण मूल्य क्रमशः 69,999 रुपये , 84,999 रुपये, और 99,999 रुपये होगा। ओला के प्रवक्ता ने बताया, ''हमारा मानना है कि भारत में ईवी का बाजार अपने चरम बिंदु तक पहुँच चुका है, और पिछले महीने टू-व्हीलर सेगमेंट में ईवी की पहुंच अब तक के सबसे ऊँचे स्तर पर था। हमारा एस1एक्स पोर्टफोलियो ईवी की ऊँची अपफ्रंट लागत का हल लेकर आया है, जो ईवी को अपनाने में आने वाली सबसे बड़ी अड़चनों में से एक है। ओला की मजबूत लागत संरचना और वर्टिकली इंटीग्रेटेड इन-हाउस टेक्नोलॉजी एवं मैनुफैक्चरिंग क्षमताओं के कारण हम अपने इलेक्ट्रिक स्कूटर बहुत ही प्रतिस्पर्धी मूल्य में पेश कर पाए। एस1एक्स के नए मूल्यों और लोकप्रिय मूल्यों में विस्तृत उत्पाद पोर्टफोलियो के साथ हमें विश्वास है कि हम देश में ईवी का पेनेट्रेशन बढ़ाने में मदद करेंगे।

## अंबुजा सीमेंट में अडानी परिवार की हिस्सेदारी हुयी 70.3 प्रतिशत




**नई दिल्ली।** अडानी समूह की सीमेंट और निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड में अडानी परिवार ने 8,339 करोड़ रुपये का निवेश करके अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाकर 70.3 प्रतिशत करने की आज घोषणा की। कंपनी ने यहां जारी बयान में कहा कि कुल 20,000 करोड़ रुपये का निवेश किया गया है। अडानी परिवार ने कंपनी में अपनी हिस्सेदारी 3.6 प्रतिशत बढ़ाकर 70.3 प्रतिशत कर ली है।

उसने कहा कि यह रणनीतिक कदम पोर्टफोलियो कंपनियों के लिए मजबूत पूंजी प्रबंधन दर्शन की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है और नवीनतम निवेश भविष्य की संभावनाओं और सीमेंट वर्टिकल की क्षमता को बढ़ावा देने के लिए अडानी परिवार की प्रतिबद्धता की गवाही देता है। अतिरिक्त निवेश कंपनी की वित्तीय स्थिति को मजबूत करेगा, जिससे उसे अपनी महत्वाकांक्षी विकास योजनाओं को आगे बढ़ाने और बाजार में उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए उन्नत क्षमताएं मिलेंगी। सीमेंट वर्टिकल द्वारा 2028 तक 14 करोड़ टन प्रति वर्ष की क्षमता को पूरा करने के लिए धनराशि महत्वपूर्ण होगी। इसके अलावा, यह परिचालन प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए पूंजीगत व्यय को कम करने के साथ-साथ संसाधनों, आपूर्ति श्रृंखला में दक्षता लाने सहित विभिन्न रणनीतिक पहलों को भी सक्षम करेगा। यह भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास से प्रेरित क्षेत्र की बढ़ती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी एकीकरण के माध्यम से नवाचार और उत्पाद वृद्धि को भी बढ़ावा देगा। अंबुजा सीमेंट्स लिमिटेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अजय कपूर ने कहा, हम अंबुजा में अडानी परिवार के 20,000 करोड़ रुपये के प्राथमिक निवेश के पूरा होने की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। विकास, पूंजी प्रबंधन पहल और सर्वोत्तम श्रेणी की बैलेंस शीट ताकत न केवल हमारे दृष्टिकोण और व्यवसाय मॉडल में दृढ़ विश्वास का प्रमाण है, बल्कि हमारे हितधारकों को दीर्घकालिक टिकाऊ मूल्य सृजन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को भी मजबूत करती है और यह हमें प्रेरित करेगी। हमारे विकास में तेजी लाने के लिए नए मानक स्थापित करने की दिशा में और परिचालन उत्कृष्टता, व्यावसायिक तालमेल और लागत नेतृत्व प्रदान करना जारी रहेगा।

# बसपा विधायक तोड़कर कांग्रेस, भाजपा लोकतंत्र खत्म कर रही हैं: मायावती



**अलवर,एजेंसी।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सुप्रीमो एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि जनता द्वारा चुनकर आने वाले विधायकों को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार तोड़कर लोकतंत्र को खत्म कर रही है।

सुश्री मायावती ने बुधवार को अलवर में बसपा के राजस्थान में चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों के समर्थन में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये कहा कि अभी हाल में ही राजस्थान में बसपा के चुने हुये दो विधायक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के गुट में चले गये। उन्होंने आरोप लगाया कि यह काम भाजपा के इशारे पर तोड़फोड़ की गयी है, और यह तोड़फोड़ अब बंद की जायेगी। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने के बाद इसके लिये एक कानून बनाया जायेगा और चाहे एक विधायक हो चाहे, एक सांसद हो, जो भी अपनी मूल पार्टी से दूसरी पार्टी में जाएगा उसकी सदस्यता समाप्त की जायेगी। उन्होंने कहा कि जब भी बसपा सरकार में आयेगी तो दल-बदल कानून को बदल जायेगा। इस तोड़फोड़ से लोकतंत्र की जड़ें कभी भी मजबूत नहीं होंगी। सुश्री मायावती ने कहा कि इन चुनाव में कांग्रेस और बसपा के विरोध के कारण अकेले ही चुनाव लड़ने का निर्णय लिया गया। बहुजन समाज पार्टी गरीब ,मजदूर ,पिछड़े वर्ग, मुसलमानों के बलबूते पर यह चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी की नीतियों के कारण आज देश में गरीब, मजदूर ,पिछड़ा और मुस्लिम वर्ग खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार इस घमंड में न रहे कि केंद्र में उनकी आसानी से वापसी होगी। उन्होंने कहा कि न तो इस बार ईवीएम गड़बड़ी का काम चलेगा और न ही जुमलेबाजी और मोदी की गारंटी से काम चलने वाला नहीं हैं। देश के गरीब, मध्यम वर्ग एवं अन्य वर्ग को अच्छे दिन दिखाने का झांसा दिया गया लेकिन यह सब बातें झूठी साबित हुई और यह सभी गारंटी कागजी गारंटी होकर रह गयी। सुश्री मायावती ने कहा कि भाजपा ने जो घोषणायें की थीं, उसका एक चौथाई कार्य नहीं हुआ। उनकी सरकारों ने पूंजीपतियों को मालामाल किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में भी बसपा की चार बार सरकार रही। हर स्तर पर सभी वर्ग का ध्यान रखा गया। किसानों की फसलों का उचित दाम दिया गया। खेती के लिये सुविधायें दी गयीं, लेकिन बहुजन समाज पार्टी की सरकार जाने के बाद अब सारे वर्ग परेशान हैं।

# विश्वासघात तो जयंत चौधरी ने किया: अखिलेश यादव



**मुरादाबाद,एजेंसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राष्ट्रीय लोकदल ( रालोद) अध्यक्ष जयंत चौधरी पर पलटवार करते हुए कहा कि उन्होने किसानो के मसीहा चौधरी चरण सिंह की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए जयंत चौधरी को राज्यसभा की सीट दी मगर उन्होने इसके बदले उन्हे क्या सिला दिया है, यह सब जानते हैं। पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन बुधवार को श्री यादव ने नगर पंचायत भोजपुर धर्मपुर के राजकीय महाविद्यालय के समीप स्थित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुये कहा अगर उनको (जयंत चौधरी) को दबाया होता तो उनका दल माइनस में होता, फिर नौ विधायक कहां से आ गए। 37 विधायकों पर एक राज्यसभा सदस्य बनता है, हमने चौधरी चरणसिंह की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए जयंत चौधरी को एक सीट दी और उनके कारण एक राज्यसभा गंवाई। फिर विश्वासघात किसने किया। सपा प्रत्याशी रुचि वीरा के समर्थन में वोट करने की अपील करते हुए उन्होने कहा कि 2024 का लोकसभा चुनाव लोकतंत्र को बचाने का चुनाव है,आने वाली पीढ़ी के भविष्य का चुनाव है। जो लोग 400 पार कह रहे हैं वह बाबा साहेब डॉ आंबेडकर का संविधान बदलना चाहते हैं, जनता से वोट का अधिकार छीनना चाहते हैं।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा संविधान और लोकतांत्रिक व्यवस्था को ख़त्म करने का सपना देखने वालों को इस बार पहले चरण के लोकसभा चुनाव में पश्चिम उत्तर प्रदेश के मतदाता सबक़ सिखाने का फैसला कर चुके हैं। पश्चिम की हवा का रुख बदला हुआ है। श्री यादव ने जनता से सीधे सवाल किया कि दिल्ली और झारखंड के मुख्यमंत्री पर झूठे मुकदमे लगाए। सपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद आज़म खां और उनके परिवार पर भी झूठे मुकदमे दर्ज कराए गए हैं। बेरोज़गारी, महंगाई और भृष्टाचार जैसे गंभीर मुद्दे से ध्यान भटकाने में भाजपा को महारत हासिल है। सरकार ने किसानों और नौजवानों को धोखा देने का काम किया है। अग्निवीर योजना में चार साल की तैनाती का प्रावधान किया गया है, उन्होंने आशंका जताई कि अग्निवीर की मानिंद कहीं आगे चलकर पुलिस की नौकरी में भी बदलाव न कर दिया जाएगा। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में लगभग 10 बार पेपर लीक हुए ।पेपर लीक से परेशान लाखों की संख्या में युवा और उनके परिवारजन भाजपा के ख़िलाफ़ वोट करने का मन बना चुके हैं। श्री यादव ने कहा कि इलेक्टोरल बांड ने तो भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का बैंड ही बजा दिया। क्या कोई कल्पना कर सकता था कि राजनीति में कोई पार्टी इतना चंदा वसूल सकती है। इलेक्टोरल बांड के नाम पर वसूली की गई ।नोटबंदी के दौरान लोगों को बैंकों के सामने लाइन में लगा दिया गया। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा भृष्टाचारियों का गोदाम बन गई है। मौजूदा उत्तर प्रदेश सरकार में तहसील से लेकर थाने आकंठ भृष्टाचार में डूबे हुए हैं।आमजन भृष्टाचार से परेशान है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लोकसभा चुनाव में एक भी वोट विभाजित न हो। कार्यकर्ताओं को अपने बूथ की रक्षा करने के लिए सतर्क रहना होगा।

## 2024 में कम आर्थिक विकास और व्यापार में गिरावट से विकास होगा प्रभावित: अंकटाड

**जिनेवा,एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास (अंकटाड) ने गिरते निवेश और कमजोर वैश्विक व्यापार का हवाला देते हुए 2024 में विकास में और गिरावट आने की चेतावनी देते हुये कहा है कि इस वर्ष वैश्विक विकास 2.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है जबकि वर्ष 2023 में यह 2.7 प्रतिशत रहा है। अंकटाड ने अपनी नयी रिपोर्ट में कहा है कि ब्याज दरों में कटौती की संभावना से सरकारों और व्यवसायों के लिए राजकोषीय दृष्टिकोण में सुधार हो सकता है, लेकिन मौद्रिक नीति अकेले सभी गंभीर वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं कर सकती है। निवेश और व्यापार को पुनर्जीवित करने, पूर्ण रोजगार का समर्थन करने और उचित आय वितरण की रणनीतियाँ मजबूत विकास और एसडीजी को पूरा करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन ने इस रिपोर्ट को जारी करते हुये वैश्विक विकास को गति देने के लिए सशक्त बहुपक्षीय पहल और एक संतुलित नीति का मिश्रण बनाने की अपील की और कहा कि वैश्विक नीति समन्वय वैश्विक अर्थव्यवस्था की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। बदलते व्यापार पैटर्न, बढ़ता कर्ज और जलवायु परिवर्तन की बढ़ती लागत, ये सभी विकासशील देशों को असंगत रूप से प्रभावित करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 में कम ब्याज दरों के लिए बाजार की उम्मीदें दुनिया भर में निजी और सार्वजनिक बजट पर दबाव को कम करने की उम्मीद जगाती हैं। हालाँकि, अकेले मौद्रिक नीति प्रमुख वैश्विक चुनौतियों का समाधान नहीं दे सकती है। रिपोर्ट में वित्तीय स्थिरता हासिल करने, नौकरियां पैदा करने और आय वितरण में सुधार के लिए राजकोषीय, मौद्रिक, मांग-पक्ष और निवेश बढ़ाने के उपायों के संतुलित नीति मिश्रण के साथ-साथ ठोस बहुपक्षीय पहल की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है। उन्होंने कहा, हम अंतरराष्ट्रीय व्यापार और बाजार एकाग्रता की विषमताओं को दूर करने के लिए समन्वित बहुपक्षीय प्रयासों का आह्वान करते हैं। उधार लेने वाले देशों को सतत विकास लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए अधिक वित्तीय लचीलेपन की आवश्यकता है। इसे केवल वैश्विक वित्तीय सुरक्षा जाल के समावेशी और वैश्विक सुधार के माध्यम से ही हासिल किया जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि वास्तविक मज़दूरी अभी भी महामारी पूर्व के स्तर से नीचे है। अधिकांश उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के केंद्रीय बैंकों ने मुद्रास्फीति से निपटने के लिए 2022 की शुरुआत से आक्रामक रूप से ब्याज दरें बढ़ा दी।

मुद्रक, प्रकाशक, स्वामी, सैफुल्लाह सिद्दिकी द्वारा आरडी प्रिंटिंग एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-08, नोएडा (यूपी), से छपवा कर एन-81, बटला हाउस, जामिया नगर पुलिस स्टेशन, जामिया नगर, नई दिल्ली-110025 से प्रकाशित किया। सर्वाधिकार सुरक्षित, किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र दिल्ली होगा। (संपादक- सैफुल्लाह सिद्दिकी)